

पेज -3 पर

रनबोड़ में निकला दही हांडी फोड़ व भगवान श्री कृष्ण ...

नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 283 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, रविवार 21 अगस्त 2022



जिले के गौ पालकों के बैंक खातों में गोधन न्याय योजना अंतर्गत ...

पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


कांग्रेसियों को दिल्ली ले जाने 17 बोगी की ट्रेन

## महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन के लिए 2000 नेता-कार्यकर्ता जाएंगे, 4 सितंबर को है रैली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता अगले महीने एक स्पेशल ट्रेन से दिल्ली जाएंगे। मौका है महंगाई के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन कआ। इसके लिए रायपुर से 17 बोगी की एक ट्रेन बुक की गई है। बताया जा रहा है, इस ट्रेन से दो हजार लोगों को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ले जाने की तैयारी है।

बढ़ती महंगाई के खिलाफ देश भर में आंदोलित कांग्रेस ने 4 सितम्बर को दिल्ली के रामलीला मैदान में बड़ी रैली आयोजित की है। इसमें देश भर कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता शामिल होने वाले हैं। छत्तीसगढ़ में इस रैली में जाने की तैयारी हो रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया, इस रैली में जाने के लिए पार्टी ने 17 बोगी की एक ट्रेन बुक करा लिया है। कम से कम दो हजार नेताओं-कार्यकर्ताओं को इस ट्रेन से दिल्ली जाना है।% यह विशेष ट्रेन रायपुर से 3 सितम्बर को रवाना होगी। बताया जा रहा है, कुछ और पदाधिकारी हवाई जहाज और निजी साधनों से भी दिल्ली जाने को तैयार हैं। कहा जा रहा है कि कोविड काल के बाद यह कांग्रेस का दिल्ली में सबसे बड़ा प्रदर्शन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी रैली में शामिल होने जाएंगे।



### सोमवार को रायपुर में दिल्ली चलो सम्मेलन

कांग्रेस ने 22 अगस्त को रायपुर के राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक बुलाई है। इसमें प्रदेश पदाधिकारियों के अलावा जिलाध्यक्ष भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, एआईसीसी सचिव डॉ. चंदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और दूसरे नेता भी इसमें मौजूद रहने वाले हैं। यह बैठक महंगाई के खिलाफ हल्ला बोल-दिल्ली चलो सम्मेलन होगा। इसमें महंगाई के मुद्दे पर बात होगी, वहीं दिल्ली रैली की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

### जिला और ब्लॉक समितियों में भी ऐसी बैठक होगी

*कांग्रेस ने जो कार्यक्रम तय किया है, उसके मुताबिक 25 अगस्त को प्रत्येक जिले में जिला कार्यकारिणी की बैठक में ऐसा सम्मेलन होगा। वहां दिल्ली रैली पर चर्चा होगी। जिम्मेदारियां तय की जाएंगी। उसके बाद 27 अगस्त को प्रत्येक ब्लॉक कमेटी की बैठक होगी। वहां भी महंगाई पर चर्चा कर रैली में जाने के लिए लोगों और संसाधन जुटाने पर बात की जाएगी।*

## श्रीराम और श्रीकृष्ण सबके पर कांग्रेस के नहीं, साव का सीएम भूपेश पर हमला, कहा- भगवान को काल्पनिक बताया था

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भगवान राम और श्रीकृष्ण पर सियासत शुरू हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी व सीएम भूपेश बघेल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी का अतीत रहा है। भगवान राम के लिए उन्होंने क्या बातें कही और क्या काम किया सभी जानते हैं। मंदिर निर्माण को रोकने का प्रयास किया था। कांग्रेस पार्टी ने भगवान राम को काल्पनिक बताया। ये वही लोग हैं, जिन्होंने श्रीराम सेतु को तोड़ने का खाका तैयार कर लिया था। कांग्रेस का कृत्य उचित नहीं है। साव ने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट रूप से कहा था कि हम 2500 रुपये प्रति माह बेरोजगारी भत्ता देंगे। 5 लाख



युवाओं को नौकरी देंगे। भूपेश सरकार अपने वादों को निभाने में पूरी तरह विफल रही है। राज्य में किसी भी बेरोजगार को भत्ता नहीं मिल रहा है। नौकरी देने के मामले में सरकार ने झूठ बोला। युवाओं को ठगने की काम प्रदेश सरकार कर रही है। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के काम सिर्फ मनरेगा में चल रहे हैं। राज्य सरकार के फंड से विकास और रोजगार की बातें सिर्फ झूठ और निराधार है। भूपेश बघेल सरकार झूठ की बुनियाद पर टिकी हुई है।

### डीए-एचआरए पर कर्मचारियों से किया छल

रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित श्री राजराजेश्वरी मंदिर में मीडिया से चर्चा करते हुए अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने जन घोषणा पत्र में बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। डीए, एचआरए के मामले में राज्य के कर्मचारियों को सरकार ने छलने का काम किया है। भूपेश सरकार अपना वादा निभाये। अरुण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। रायपुर सहित प्रदेशभर में अपराध बढ़े हैं। छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है। यह बेहद चिंता की बात है। सरकार का नियंत्रण नहीं है।

**एक नजर**

### महाफैडरेशन ने किया अनिश्चितकालीन आंदोलन से किनारा

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ शिक्षक महाफैडरेशन की ओर से यह खबर आ रही है कि वे कर्मचारियों के हितों में आंदोलन करने के लिए हमेशा तैयार रहे हैं और हाल ही में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन व कलेक्टरेट घेराव हो या फेडरेशन का 5 दिवसीय आंदोलन सब में बढ चढकर भाग लिए । इस दौरान कई बार हमारे प्रदेश अध्यक्ष राजेश ने फेडरेशन के उच्च पदाधिकारियों से एल बी संवर्ग के वेतन विसंगति को भी शामिल करने की मांग की। इसी बीच शासन द्वारा 5 दिवसीय आंदोलन के दबाव में 6 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देने को राजी भी हो गया।

## हिला सशक्तिकरण और जागरूकता के लिए सद्भावना मार्च का आयोजन

महिलाओं, बच्चों और पुरूषों ने बढ़-चढ़कर की भागीदारी

**रायपुर।** राजनांदगांव पुलिस के द्वारा आज जिला मुख्यालय राजनांदगांव में महिला सशक्तिकरण और जागरूकता को लेकर महिलाओं के सम्मान में ''बढ़ाइये एक कदम नारी शक्ति की ओर'' पैदल सद्भावना मार्च का आयोजन किया गया। इसमें शहर की महिलाओं, बच्चों और पुरूषों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। आज सवेरे साढ़े छह बजे आयोजित तीन किलोमीटर लंबे सद्भावना मार्च में करीब चार हजार लोगों ने अपनी सहभागिता दी। मार्च के आयोजन में मैवरिक फांउडेशन एवं अन्य संगठनों ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया।





राजनांदगांव के सांसद श्री संतोष पाण्डेय, खुज्जी की विधायक श्रीमती छन्नी साहू, पद्मश्री से सम्मानित श्रीमती फूलबासन यादव, बाल सरंक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुवंर नेताम, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, राजनांदगांव के डीआईजी श्री रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर श्री डोमन सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर, एएसपी राजनांदगांव सुश्री नेहा पाण्डेय, श्री आकाश मरकाम, सुश्री पद्मश्री तंवर, सीएसपी श्री गौरव राय और डीएसपी सुश्री नेहा वर्मा सहित पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मार्च में शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री ने 'डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क' और टास्क फोर्स के प्रतिवेदनों का किया विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सतत् विकास लक्ष्य (SDG) के जिला स्तर तक स्थानीयकरण (Localizat ion) एवं सतत् प्रभावी मॉनिटरिंग की सुनिश्चितता हेतु छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार किये गये ''डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क (DIF)'' और टास्क फोर्स के प्रतिवेदनों का विमोचन आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में किया।



मुख्यमंत्री ने ''डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क'' तैयार करने के लिए राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सतत विकास लक्ष्य (एस.डी.जी.) लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति हेतु प्रतिबद्ध है। ''जनघोषणा पत्र'' के उद्देश्यों में भी एस.डी.जी. लक्ष्य के अनुरूप 'अंत्योदय' का संकल्प सम्मिलित है। एस.डी.जी. के सिद्धांत के अनुरूप ही सरकार अपनी योजनाओं को इस प्रकार क्रियान्वित कर रही है, जिससे विकास के लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। एस.डी.जी. के क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकार के विभागों द्वारा अनवरत प्रयास अपेक्षित है। इस व्यापक अभियान में सभी की भागदारी सुनिश्चित करने के प्रयोजन से राज्य योजना आयोग ने सिविल सोसायटी, बिजनेस आर्गेनाजेशन, विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, विषय विशेषज्ञों एवं युवाओं की कार्यशालायें आदि आयोजित कर संबंधितों को अभियान के प्रति जागरुक करने एवं इससे जोड़ने हेतु अनवरत कई प्रयास किये हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की कई जन कल्याणकारी योजनाओं यथा मध्यान्ह भोजन, मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा योजना, युनिवर्सल सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, महतारी जतन योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार एस.डी.जी. के उद्येश्यों को पूरा करने का प्रयास कर रही है।

## 5 लोगों की मौत के बाद हंगामा

NH-30 पर लोगों ने किया चक्काजाम, बस मालिक पर कार्रवाई की मांग; कल हुआ था हादसा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे 30 पर बस और कार की टक्कर में 5 युवकों की मौत हुई थी। इस हादसे के बाद परिजनों समेत शहरवसियों में आक्रोश है। बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सैकड़ों लोगों ने आमागुड़ा के पास शनिवार दोपहर चक्काजाम कर दिया। साथ ही पायल ट्रेवल्स बस के मालिक और चालक पर स्त्रढ्ढक्र और परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है। मांग पूरी करने स्थानीय लोगों ने 48 घंटे का समय दिया है। इधर, प्रशासन की समझाइश के बाद जाम खोल दिया गया है। दरअसल, शनिवार की दोपहर सैकड़ों लोग आमागुड़ा के पास नेशनल हाईवे 30 पर पहुंचे। जिन्होंने पहले हादसे में मृत युवकों को श्रद्धांजलि दी। फिर सड़क पर बैठ मार्ग जाम कर दिया। करीब 1 घंटे तक रायपुर-जगदलपुर मार्ग बंद रहा। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लगी रही।



## गांधी जी की छत्तीसगढ़ यात्रा और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान से प्रेरित हो रहे स्कूली बच्चे, युवा और आमजन

**रायपुर।** आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई छायाचित्र प्रदर्शनी में महात्मा गांधी की प्रथम छत्तीसगढ़ यात्रा और छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से स्कूली बच्चे, युवा और आमजन प्रभावित हो रहे है। गौरतलब है कि यह प्रदर्शनी 21 अगस्त 2022 तक चलेगी। प्रदर्शनी का अवलोकन सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक किया जा सकता है। स्थानीय टॉऊन हॉल में चल रही यह प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ के आजादी के दीवानों पर केन्द्रित है। देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने वाले रणबांकुरों के जीवन चरित्र और आंदोलन में उनके योगदान को जीवंत छायाचित्रों के माध्यम से इस प्रदर्शनी में रेखांकित किया गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी और नवाचारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों को विभिन्न योजनाओं की प्रचार सामग्री भी वितरित की जा रही है।





## बेरहम पिता ने 3 साल की बेटी को मार डाला और नदी में फेंक दी लाश

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक कलयुगी पिता ने अपनी 3 साल की बेटी की हत्या कर दी। सोते वक्त बच्ची का रोना शराबी पिता को इतना नागवार गुजरा कि उसने थप्पड़ों से पीटकर मार डाला। इतना ही नहीं बेरहम पिता और मां ने बेटी के शव को नदी में फेंक दिया। आरोपियों ने हत्या की वारदात को छिपाने झूठी कहानी भी रच डाली। माता-पिता ने थाने पहुंचकर बच्ची के लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई, लेकिन पुलिस की जांच में हत्या का पर्दाफाश हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मैनपाट थाना क्षेत्र में हत्या की यह वारदात हुई है।



केसरा पथरी निवासी प्रमोद मांझी और उसकी पत्नी सुमित्रा माझी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पति-पत्नी शराब के आदी हैं। 15 अगस्त की रात दोनों ने साथ में बैठकर शराब पी थी। रात में बच्ची नींद से उठकर रो रही थी। नींद में खलल पड़ने से क्षुब्ध होकर प्रमोद ने 3 वर्षीय बेटी की थप्पड़ों से मार-मार कर हत्या कर दी। उसके बाद शव को स्थानीय घुनघुट्टा नदी में फेंक दिया।

**किसान न्याय योजना** — **मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किसानों से की बातचीत**

## छत्तीसगढ़ के किसानों को मिलता रहेगा 'राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ- मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश के किसानों ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना पर विश्वास व्यक्त किया है। छत्तीसगढ़ के किसानों को इस योजना का लाभ मिलता रहेगा। योजना बंद नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने आज किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना के तहत राशि अंतरण के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जिलों के किसानों से वर्चुअल माध्यम से हुई चर्चा के बाद यह बात कही।



किसानों ने मुख्यमंत्री से यह आग्रह किया था कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना से उन्हें आर्थिक लाभ हो रहा है। यह योजना चलती रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इनपुट सब्सिडी के रूप में धान उत्पादक किसानों को 9 हजार रूपए प्रति एकड़, सुगंधित धान तथा खरीफ की अन्य फसल लेने वाले किसानों को 10 हजार रूपए प्रति एकड़ और वृक्षारोपण करने वाले किसानों को 3 वर्ष तक 10 हजार प्रति एकड़ के मान से राशि दी जाएगी। इस योजना का किसानों को अधिक-से-अधिक संख्या में लाभ लेना चाहिए। किसानों ने कहा कि बीज निगम में पंजीयन कराने के बाद सुगंधित धान बेचने पर उन्हें अच्छा फायदा हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दंतेवाड़ा जिले के धान एवं अन्य फसल लेने वाले किसान सर्वश्री श्याम लाल यादव और सुगंधित धान की खेती करने वाले राम नाग, दुर्ग जिले के पाटन के धान की खेती करने वाले किसान योगेश साहू और महेन्द्र कुमार वर्मा, बेमेतरा में धान की खेती करने वाले बहाल राम वर्मा और ऋषि वर्मा तथा राजनांदगांव के सुगंधित धान की खेती करने वाले राजकुमार और संजय से बात की। दंतेवाड़ा के किसान श्री श्याम लाल यादव ने कहा कि वे 20 एकड़ में खेती करते हैं। धान, मक्का, कोदो और रागी की फसल लेते हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के जरिए 45 हजार रूपए प्राप्त हुए हैं, उन्हें 18 लाख रूपए का वर्मी कम्पोस्ट बेचा है और मछली बेचकर 3 लाख 20 हजार रूपए की कमाई की है।

## राज्यपाल से वनवासी विकास समिति के प्रतिनिधिमण्डल ने की भेंट

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज राजभवन में वनवासी विकास समिति के अनुराग जैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। राज्यपाल को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने स्वतंत्रता आंदोलन में जनजातीय नायकों के योगदान विषय पर आयोजित होने वाले कार्यशाला के लिए आमंत्रित किया। राज्यपाल सुश्री उइके ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के इस पहल की सराहना की।



राज्यपाल ने कहा कि सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों और युवाओं को आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जनजातीय नायकों के बारे में जानकारी मिलेगी। साथ ही देश व प्रदेश के ऐसे आदिवासी नायक जिनका कहीं उल्लेख नहीं है, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से विद्यार्थियों का परिचय कराया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा आजादी के ऐसे जनजातीय नायक जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान दिया है, ऐसे सेनानियों का वर्तमान पीढ़ी से परिचय कराने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। प्रदेश के 9 उच्च शिक्षण संस्थानों में यह कार्यशाला आयोजित होगी और इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन होगा।

# गन्ना किसानों के बकाया भुगतान की राह में रोड़े और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

लगभग तीन दशक पहले मैं गन्ना किसानों द्वारा अपने बकाया भुगतान की मांग को लेकर किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को कवर करने पंजाब के गुरुदासपुर में गया था। तीस साल बाद भी देश के कई हिस्सों में गन्ना किसानों को अपने बकाया भुगतान के लिए लंबे समय तक विरोध का सहारा लेते हुए देखना दुखद है। वे मुफ्त की मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे चीनी मिलों द्वारा खरीदे गए गन्ने के समय पर भुगतान की वैध बकाया राशि की मांग कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट और कुछ उच्च न्यायालयों ने चीनी मिलों को 14 दिनों में भुगतान करने का निर्देश दिया है और भुगतान में देरी होने पर 15 प्रतिशत का ब्याज देने का निर्देश दिया है। यह महत्वाकांक्षी भारत है, जहां इसके बारे में कोई बात नहीं करना चाहता! हमें अक्सर बताया जाता है कि उद्यमशीलता की संस्कृति का विकास भारत की सफलता की कुंजी है। लेकिन ऐसा क्यों है कि जब हम युवा भारत की उद्यमशीलता की भूख की बात करते हैं, तो यह भूल जाते हैं कि गांवों के युवा भी महात्वाकांक्षी उद्यमी बनने के अवसर तलाश रहे हैं? वे भी नवाचार करने, अपने कौशल में सुधार करने और कृषि में क्रांति (पैमाने और दक्षता, दोनों में) लाने के इच्छुक हैं। ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भूख मिटाने की सबसे बड़ी बाधा किसानों को उनकी सही आय से वंचित करना है, और उन्हें उनके बकाये के भुगतान की मांग के लिए विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर करना है। किसानों के भी सपने होते हैं और जैसे-जैसे उनकी आय बढ़ती है, (उनमें अंतर्निहित जोखिम लेने की उनकी क्षमता को देखते हुए), वे तस्वीर बदलने की क्षमता रखते हैं। लेकिन अगर गन्ने जैसी फसल की खेती करने के बाद, जिसे तैयार होने में एक साल लगता है, उनमें से कई को मिलों से भुगतान प्राप्त करने के लिए महीनों या लगभग एक और साल तक विरोध प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ता है, तो यह निश्चित रूप से उड़ान भरने की उनकी आकांक्षा को मार देता है। हालांकि वर्ष 2020-21 में जब गन्ना सीजन खत्म हुआ था, तब किसानों का बकाया घटकर 6,667 करोड़ रुपये रह गया था, जो एक साल पहले 10,342 करोड़ रुपये था। बड़ा सवाल यह


कृषि सुगमता सूचकांक का वक्त

> भारत ने पिछले 75 वर्षों में कृषि क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। मुझे लगता है कि ग्रामीण इलाकों में उद्यमशीलता का माहौल बनाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक गंभीर बुनियादी ढांचे के विकास के अलावा कृषि क्षेत्र में व्यापार सुगमता सूचकांक लाना है।

है कि चीनी मिलें समय पर भुगतान क्यों नहीं कर सकती हैं। मिलों का कहना है कि उत्पादन की लागत बढ़ गई है, क्योंकि गन्ने के लिए राज्य सरकार द्वारा उच्च मूल्य निर्धारित किया जाता है, जिससे सरकारें मिलों को बकाया चुकाने के लिए बार-बार सब्सिडी प्रदान करने के लिए मजबूर होती हैं। उदाहरण के लिए, वर्ष 2017-18 में, सरकार ने बकाया राशि चुकाने के लिए संकटग्रस्त मिलों को 7,000 करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया था। इसके अलावा, कई अन्य प्रोत्साहन हैं, जो सरकार समय-समय पर मिलों के लिए जारी करती रही है। पंजाब में, निजी चीनी मिलों को 2015-16 में 50 रुपये, वर्ष 2018-19 में 25 रुपये और 2021-22 में 35 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी प्रदान की गई थी। फिर भी, चार निजी मिलों से 126 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान हासिल करने के लिए किसानों को फगवाड़ा में लंबे समय से धरने पर बैठने को मजबूर होना पड़ा है। इसने पंजाब सरकार को निजी चीनी मिलों के ऑडिट का आदेश देने के लिए प्रेरित किया है, ताकि चीनी मिलों की अर्थव्यवस्था का पता चल सके। चीनी मिल लॉबी के दबाव के आगे झुकने के बजाय देश की सभी निजी चीनी मिलों के ऑडिट का काम पहले ही शुरू कर देना चाहिए था। मीडिया हर साल लंबित गन्ना बकाया राशि की खबरें प्रकाशित कर रहा है। यह अजीब नहीं है कि पिछले तीस वर्षों से, जब से मैं जानता हूं, मिलों द्वारा 14 दिनों के भीतर गन्ने का बकाया भुगतान करने का मुद्दा अनसुलझा है? यदि शहरों में उद्यमशीलता के निर्माण के लिए लालफीताशाही की बाधाएं दूर करना, खराब बुनियादी ढांचे में सुधार, समय पर व्यावसायिक, व्यापारिक एवं वित्तीय सेवाएं प्रदान करना पूर्व जरूरतें हैं, तो ग्रामीण इलाकों में महत्वाकांक्षी कौशल को उभारने के लिए किसानों को उनके उत्पाद का समय पर और सुनिश्चित भुगतान शीर्ष पर होना चाहिए। यह कोई ऐसा मुद्दा नहीं है, जिसका हल न निकाला जा सके, बल्कि यह बताता है कि ग्रामीण सपनों की पूर्ति किस तरह हमारे नीति नियंताओं की प्राथमिकता में सबसे नीचे है।

देविंदर शर्मा

## संपादकीय

# बकाए बिजली बिल

पीएम मोदी ने खराब भुगतान की पुरानी आदत और देश में ऊर्जा संकट की ओर ध्यान आकर्षित कराया है । यह संकट 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का है, लिहाजा हालात सामान्य नहीं हैं । पीएम मोदी का बयान भी गम्भीर है, आगाह करने वाला है, क्योंकि भुगतान का बकाया बना रहेगा और बिजली उत्पादक कम्पनियों का घाटा बढ़ता रहेगा तो एक स्थिति यह भी आ सकती है कि बिजली पैदा करने का सवाल खड़ा हो जाये और देश का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूबता लगे । यदि मौजूदा बिजली संकट को आम नागरिक के नज़रिये से देखें, तो यह मासूम और बेकसूर है । औसतन नागरिक समयबद्ध तरीके से बिजली के बिल का भुगतान करता है । उसे बिजली कनेक्शन काट दिये जाने का भी भय रहता है । सवाल यह है कि ऐसे भुगतान के अरबों रुपये कहाँ ठहर जाते हैं या रोक लिए जाते हैं अथवा सब्सिडी का भुगतान भी नियमित तौर पर नहीं किया जाता । सरकार के खातों में कई फ्रॉड दफन हैं । उनकी जांच होनी चाहिये । देश में लगभग सभी सरकारें सब्सिडी मुहैया कराती हैं, लेकिन उसका यथा समय भुगतान न करने से बिजली वितरण के नुकसान भी बढ़ते रहते हैं । नतीजतन बिजली उत्पादक कम्पनियों पर भी व्यापक आर्थिक प्रभाव पड़ते हैं । बीते जुलाई माह तक 1.13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा राज्यों पर अथवा बिजली वितरण कम्पनियों पर बकाया थे, जो उन्हें उत्पादक कम्पनियों को देने चाहिये थे । बिजली वितरण कम्पनियों का अपना रोना है कि उनका कुल घाटा 5,22,869 करोड़ रुपये का है ।

# परिवारवाद या अवसर की असमानता?

*भारतीय जनता पार्टी के सामने देश की वामपंथी पार्टियों की चुनौती नहीं है और न नई राजनीति शुरू करने के नाम पर दो राज्यों में सरकार बना चुकी आम आदमी पार्टी की है। भाजपा का मुकाबला कांग्रेस और ऐसी क्षेत्रीय पार्टियों से है, जिनकी कमान ऐसे नेता के हाथ में है, जो अपने परिवार की दूसरी पीढ़ी के नेता है या अगर पहली पीढ़ी के नेता हैं तो उनकी दूसरी पीढ़ी सक्रिय हो गई है और उसका स्थान लेने को तैयार है।*



कांग्रेस और ऐसी पार्टियों को प्रधानमंत्री परिवारवादी बताते हैं और देश के लोगों से उनके प्रति नफरत का भाव पैदा करने की अपील कर रहे हैं। कांग्रेस के अलावा ऐसी क्षेत्रीय पार्टियों में राष्ट्रीय जनता दल, डीएमके, जेएमएम, तृणमूल कांग्रेस, शिव सेना, अकाली दल, वाईएसआर कांग्रेस, तेलंगाना राष्ट्र समिति आदि का नाम लिया जा सकता है। ये बड़ी पार्टियां हैं और इनमें से ज्यादातर ऐसी पार्टियां हैं, जिनको तमाम प्रयास के बावजूद भाजपा नहीं हरा पाई है। प्रधानमंत्री मोदी की दो-दो बार की चुनावी सुनामी में भी इनमें से ज्यादातर पार्टियां अपना अस्तित्व बचाए रखने में कामयाब रहीं और जाहिर है वह जनता के समर्थन से ही हुआ। तभी इनके प्रति नफरत का भाव पैदा करने की बात की जा रही है।

परिवारवाद के खिलाफ बनाए जा रहे विमर्श का यह एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर लाल किले से अपने भाषण में कहा कि वे जब परिवारवाद की बात करते हैं तो इसे अनिवार्य रूप से राजनीति से जोड़ा जाता है लेकिन ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की सारी संस्थाएं इस बुराई की चपेट में आ गई हैं। उन्होंने संस्थाओं का नाम लिए बना कहा- मैं देशवासियों से खुले मन से कहना चाहता हूं कि हिंदुस्तान की राजनीति, संस्थाओं के शुद्धिकरण के लिए हमें देश को इस परिवारवादी मानसिकता से मुक्ति दिला कर योग्यता के आधार पर देश को आगे ले जाने की ओर बढ़ना होगा। यह अनिवार्यता है वरना हर किसी का मन कुंठित रहता है कि मैं इसके लिए योग्य था लेकिन वहां मेरा कोई चाचा-नाना-पिता-नानी नहीं था को मैं नहीं पा सका। यह मन:स्थिति किसी भी देश के लिए अच्छी नहीं है।

सुनने में यह बात बहुत अच्छी लग रही है। लेकिन सवाल है कि प्रधानमंत्री मोदी के आठ साल के शासन के बाद किस संस्था में चाचा-चाची-नाना-नानी या पिता की वजह से नियुक्ति हो रही है? क्या देश की सारी संस्थाएं प्रतिभा के दम पर नियुक्ति नहीं कर रही हैं? क्या संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी के जरिए होने वाली नियुक्तियां प्रतिभा के अलावा किसी अन्य योग्यता के आधार पर हो रही हैं? क्या सेना में या सेना के अनुसंधान से जुड़ी संस्थाओं में, इसरो में या एटॉमिक एनर्जी के क्षेत्र में या सार्वजनिक उपक्रमों में नियुक्ति का पैमाना वंशवाद है? क्या संस्थाओं, आयोगों आदि के प्रमुख वंशवाद के आधार पर नियुक्त हो रहे हैं? क्या विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां परिवारवाद के आधार पर हो रही हैं? कहां ऐसा हो रहा है? क्या ऐसा नहीं है कि खुद मोदी सरकार रिटायर 'बाबुओं' को संस्थाओं में नियुक्त कर रही है? क्या मोदी सरकार सेवा विस्तार देकर चुनिंदा अधिकारियों के सहारे सरकार नहीं चला रही है? क्या इससे योग्य व प्रतिभावान अधिकारी कुंठित नहीं हो रहे होंगे? क्या मोदी सरकार ने लैटरल एंट्री से सीधे संयुक्त सचिव बनाना नहीं शुरू किया है और क्या उसमें नियुक्तियां सिर्फ प्रतिभा के दम पर हुई हैं? क्या विश्वविद्यालयों और तकनीक व प्रबंधन के अन्य शैक्षिक संस्थाओं में खास वैचारिक प्रतिबद्धता के दम पर नियुक्तियां नहीं हो रही हैं?

असलियत यह है कि देश में अच्छी नौकरी और रोजगार के अवसर समाप्त हो रहे हैं। खुद सरकार ने संसद के पिछले सत्र में बताया कि पिछले आठ साल में केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए 22 करोड़ लोगों ने आवेदन किया, जिसमें से सिर्फ 7.22 लाख लोगों को नौकरी मिली यानी 21 करोड़ 92 लाख 78 हजार नौजवानों को निराश होना पड़ा।

अजीत द्विवेदी

## मिला जुला

# अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में सारंगढ़ पुलिस को मिली सफलता

सारंगढ़ जोहार-छत्तीसगढ़।

शा.लोचन प्रसाद पाण्डेय कॉलेज सारंगढ़ से सूचना मिला कि शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय कॉलेज सारंगढ़ के पीछे खेल मैदान के पास सिमेट के बिजली खंभा में अज्ञात महिला उम्र करीबन 30-32 वर्ष का काला रंग के बड़ के रस्सी से फ ांसी लगा शव मृत हालत में मिला है कि सूचना पाकर घटना स्थल शव का निरीक्षण, पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव का पीएम कराया गया। डाक्टर की टीम द्वारा मृतिका की मृत्यु गला दबाकर हत्या करना लेख किये है। प्रकरण में हत्या का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान सायबर सेल रायगढ़ की मदद से अज्ञात मृतिका के संबंध में इलेक्ट्रानिक मीडिया व प्रिंट मीडिया तथा वाट्सऐप के माध्यम से फोटो को प्रसारित किया गया था। अज्ञात मृतिका एवं आरोपी की पता तलाश हेतु थाना स्टाफ के टीम बनाकर लगातार प्रयास किये पतासाजी के दौरान मृतिका की पहचान कमलेश्वरी आदित्य पति डिगेश्वर आदित्य सा. अडभार चौकी अभार थाना मालखरौदा जिला जाजगीर चापा छ.ग,का होना पाया गया। मृतिका के परिजनों को तलब कर पूछताछ कर जानकारी प्राप्त किया जो बताये कि मृतिका कमलेश्वरी आदित्य शादी होकर अडभार गई थी। 11 अगस्त 2022 रक्षाबंधन के दिन अपने पति डिगेश्वर आदित्य के साथ अपने मायके खरौद थाना शिवरीनारायण जिला जाजगीर चांपा आई थी। वह किसी लड़के से मोबाईल से बात करती थी इसी बात को लेकर 13



अगस्त 2022 को मृतिका व उसके पति के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था। रात करीबन 11.30 बजे उसका पति डिगेश्वर आदित्य मृतिका को मायके में छोड़कर अपना 03 वर्ष का बच्चा आदि को लेकर अपने जीजा विजय आदित्य के घर रात्रि में चला गया। इसी दौरान आरोपी सदीप आदित्य उर्फ सुशांत उर्फ अंशु आदित्य सा. किकिरदा थाना बिर्रा जिला जांजगीर चापा खरौद आकर अपने मोटर सायकल में मृतिका कमलेश्वरी कटकवार को बैठाकर कोसीर होते हुये सारंगढ़ शासकीय लोचन प्रसाद पाण्डेय महाविद्यालय सारंगढ़ खेल ग्राउण्ड पहुंच गये। मृतिका कमलेश्वरी उर्फ स्वीटी आरोपी सदीप आदित्य को अपने साथ उड़ीसा ले चलो बोलती थी। आरोपी बोलता था कि मैं रायपुर ले उड़ीसा में मेरा कोई नहीं है बार-बार मृतिका द्वारा जिद करने पर दोनों के बीच काफ ी बहस एवं मारपीट हुई। मृतिका बोली कि जब मुझे अपने साथ उड़ीसा नहीं ले जा सकते तब मुझे मेरे मायके खरीद से क्यो लाये हो बोलकर मृतिका आरोपी संदीप के गाल पर दो झापड़ मारी जिससे आरोपी संदीप भी मृतिका के गाल में दो झापड़ मारा जिससे मृतिका जमीन पर गिर गई। आरोपी अपने मोटर सायकल के डिक्की में रखे काला रंग का रबड़ के रस्सी को निकाल कर मृतिका कमलेश्वरी के गले में फ ंदा बनाकर रस्सी के एक छोर को पैर



में दबाकर दोनों हाथ से दूसरे छोर के रस्सी को खींच दिया जिससे मृतिका छटपटाई और मर गई। आरोपी संदीप आदित्य मृतिका कमलेश्वरी का हत्या कर फ ांसी का स्वरूप देने के लिये सिमेंट के बिजली खंभा से मृतिका के शव को गले में काले रंग के रस्सी को बांध कर फांसी का फंद्दा बनाकर लटका दिया था। मृतिका की हत्या कर अपने मोटर सायकल होण्डा नियो काला रंग का कमांक सीजी-12 एवाई -2499 अपने घर किकिरदा चला गया। उसके बाद रायपुर चला गया। विवेचना के दौरान सायबर टीम एवं मुखबिरों की मदद से उक्त आरोपी के संबंध में रायपुर उरला रायल इण्टर प्राईजेज प्राईवेट लिमिटेड में काम करने की सूचना मिलने पर टीम बनाकर रवाना हुये। आरोपी के संबंध में लगातार पतासाजी करते रहे। 19 अगस्त 2022 को आरोपी सदीप आदित्य उर्फ अंशु उर्फ सुशात अपने फैक्ट्री में काम करने के लिये घुस रहा था उसी दौरान सारंगढ़ पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसे सुरक्षार्थ हिरासत में लेकर थाना सारंगढ़ आये। आरोपी से पूछताछ करने पर अपने मेमोरेण्डम पर बताया कि 03-04 माह से मृतिका से वाट्सऐप एवं फेसबुक के माध्यम से प्रेम प्रसंग था। 13 अगस्त 2022 को मृतिका को अपने मायके खरौद मुझे बुलाई थी और मुझे ले जाना बोली थी जिससे मैं अपने मोटर सायकल में बैठाकर सारंगढ़ ले आया और कॉलेज खेल ग्राउण्ड में हत्या कर दिया। कबूल किया। घटना में प्रयुक्त 1 एक मोटर सायकल, एक रेन कोट , दो नग मोबाईल एवं आरोपी का 04 सिम एवं 03 मेमोरी कार्ड जप्त किया गया है। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने एवं उसके विरूद्ध पर्याप्त सबूत पाये जाने पर आरोपी को 19 अगस्त 2022 के 20 10 बजे गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी एवं अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा एवं एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात दिशा। निर्देशन मार्गदर्शन में निरीक्षक सीताराम ध्रुव एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल की टीम थाना सारंगढ़ के साउनि लक्ष्मणपुरी गोस्वामी, सउ नि राजेश यादव, प्र. आर घनेश्वर उरांव, टीकाराम खटकर, राजेश साहू आरक्षक पुरुषोत्तम राठौर, मुकेश चंद्रा, विरेन्द्र ठाकुर जयराम साहू, राजेश राठिया, भवानी शंकर धागड़ गजराज सिदार भुपेन्द्र साहू थाना सारंगढ़ की सराहनिय भूमिका रही। अप. कं0. 374, 22 धारा 302, 201 ता व हि के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेजने की तैयारी किया जा रहा है।

# भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति संसार के सभी कष्टों से मुक्ति दिलाती है - योगेश तिवारी

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



शहर समेत आसपास के ग्रामीण अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ग्राम नेवनारा चंडी मंदिर, बूढ़ा जौंग व बहिंगा करही में आयोजित दही लूट प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में विजेता दल को पुरस्कार वितरण किया । सर्वप्रथम विधि विधान से श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान किसान नेता ने भगवान श्री कृष्ण से क्षेत्रवासियों की खुशहाली व समृद्धि की कामना किया । ग्राम बहिंगा करही युवा विकास समिति के तत्वावधान में कुर्सी दौड़ए दही लूटए मटकी फोड़ प्रतियोगिता हुई । मटकी फोड़ प्रतियोगिता में गांव के युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया । इस अवसर पर उत्साही ग्रामीण व युवा भगवान श्री कृष्ण की जयकारा लगा रहे थे। वही भगवान श्री कृष्ण के भजनों पर भक्त झूम रहे थे।

### भगवान श्री कृष्ण के चरणों में बसा है सारा संसार

इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण की महिमा का बखान करते हुए कहा कि मुरली मनोहर, बाल गोपाल, कान्हा, रास बिहारी और न जाने कितने नाम और उनकी उतनी ही लीलाएं,भगवान कृष्ण की यही तो महिमा है। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति संसार के सभी कष्टों से मुक्ति दिलाने वाली है। भगवान के तमाम स्वरूपों के साथ उनके चरण कमल की अपनी अलग महिमा है ।भगवान कृष्ण के चरणों में सारा संसार बसा हुआ है। भगवान श्री कृष्ण के चरण कमलों में अपनी आस्था और विश्वास रखता है। जीवन में उसे सभी सुखों की प्राप्ति होती।

# राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं गोधन न्याय योजनान्तर्गत राशि अंतरण कार्यक्रम संपन्न

### जिले के 144069 किसानों के खाते में 10413.10 लाख रूपये अंतरित कुल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से राजीव गांधी किसान न्याय एवं गोधन न्याय योजना के तहत् बेमेतरा जिले के 01 लाख 44 हजार 069 किसानों के बैंक खाते में द्वितीय किश्त की राशि 10413.10 लाख रूपए का अंतरण किया। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के एनआईसी कक्ष में किया गया। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा किसानों को यह राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफवर्ष 2021 के लिए आदान सहायता की द्वितीय किश्त के रूप में प्रदाय की गई। कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के किसान भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे इनमे ग्राम पंचायत बहेरा निवासी ऋषि कुमार वर्मा एवं ग्राम पंचायत लोलेसरा निवासी बहल राम वर्मा ने वर्चुअल माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत की और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और छत्तीसगढ़ सरकार की लोकहितकारी योजनाओं की सराहना की है।

राहुल गांधी ने आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना की दूसरी किश्त और गोधन न्याय योजना की राशि के हितग्राहियों के खाते में अंतरण कार्यक्रम के लिए भेजे अपने शुभकामना संदेश में छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना की है।

# टीबी मुक्त ग्राम बनाने को सरपंच ने लिया संकल्प

## उपचार करा रहे टीबी मरीजों का नियमित लेंगे हाल चाल

जोहार छत्तीसगढ़–रायपुर।





राज्य को टीबी मुक्त करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे हैं। कार्यक्रम के तहत ग्राम को टीबी मुक्त ग्राम बनाने के लिए गुमा ग्राम के सरपंच दिनेश केसरिया ने संकल्प लिया है की वह अब गांव के टीबी मरीज को गोद लेंगे और उसको 10 किलो अतिरिक्त राशन भी मुहैया कराएंगे। ग्राम गुमा के सरपंच दिनेश केसरिया बताते हैं। टीबी चैंपियन दीपक सोनकर ने जानकारी दी कि शासन द्वारा वर्ष 2023 तक पूरे प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने को विशेष कार्यक्रम चलाया जा रहा है। यह जानकर मुझे भी लगा कि अगर सरकार ने इतना बड़ा संकल्प लिया है तो मुझे भी इससे जुड़ना चाहिए और मैंने भी अपने ग्राम को टीबी मुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया है। और अब मैं भी इस अभियान से जुड़कर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक कर रहा हूं और उपचार करा रहे मरीज का नियमित रूप से हाल चाल जानने का प्रयास भी कर रहा हूं। सरपंच केसरिया आगे बताते हैं। मैं टीबी चैंपियन दीपक सोनकर के साथ ग्राम में घर घर गया और लोगों को पंपलेट बांटकर जानकारी दी कि टीबी लाइलाज नहीं है अगर किसी व्यक्ति को टीबी हो गया है तो ग्राम पंचायत उसको गोद लेगी उसको 10 किलो अतिरिक्त राशन भी उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उस व्यक्ति के लिए अस्पताल लाने और ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी करवायी जायेगी। मैंने स्वतंत्रता दिवस पर संकल्प लिया है कि गांव में कोई भी टीबी मरीज नहीं रहेगा। और उपचार करा रहे मरीज का नियमित हाल चाल लिया जाएगा। सरपंच केसरिया कहते है। शगांव के कोटवार द्वारा भी नियमित रूप से अब टीबी मुक्ति की मुनादी करवाई जाएगी। मुनादी के दौरान टीबी के लक्षणों के बारे में बताया जाएगा। ग्राम स्तर पर माह में एक बार टीबी की जागरूकता के लिए चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोशिश की जाएगी के ज्यादा से ज्यादा लोग चौपाल में पहुंचकर टीबी के लक्षणों, उसके कारण और उपचार के जानकारी प्राप्त करें, ताकि टीबी के प्रति फैली भ्रांतियां और अंधविश्वास को दूर हो किया जा सके। टीबी पॉजिटिव धनात्मक, आने पर लोग अपना इलाज करवाएं। भविष्य में ग्राम के अब किसी भी व्यक्ति को टीबी न हो इसका प्रयास किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने को बरसात उपरांत ग्राम में वॉल पेंटिंग भी करवाई जाएगी।

वहीं टीबी मुक्त रायपुर फाउंडेशन के अध्यक्ष नोहरी चंद्राकर ने बताया नियमित रूप से टीबी का उपचार करा रहे रोगियों के घर जाकर टीबी चैंपियन आपसी चर्चा करते हैं एवं किसी भी प्रकार की अंधविश्वास और दवाई ना खाने वाले रोगियों को नियमित दवाई खाने और अंधविश्वास का तार्किक उत्तर देकर अंधविश्वास को दूर किया जाता है। टीबी चैंपियन पुरुषोत्तम साहू बताते हैं। ष्टीबी मरीज़ के गृह भ्रमण के दौरान हम लोग परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग करते हैं। और परिवार को जानकारी देते है कि टीबी संक्रामक रोग हैए लेकिन कुछ नियमों का पालन करने से टीबी के प्रसार को रोका जाता है। टीबी की पहचान होने पर मास्क का उपयोग करें। मरीज के साथ सकारात्मक व्यवहार करें । मरीज के बलगम का निष्पादन के लिए उचित प्रबंध करें। साथ ही मरीज के कमरे को दिन में कम से कम दो बार फि नाइल से पोछा करें। मरीज को दवाइयों का नियमित सेवन कराया जाए।

# सरायपाली के मंदिर स्कूल से राशन सामग्री और बर्तनों की चोरी

## पहले भी घट चुकी है स्कूल में चोरी की घटना




जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

नगर में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। स्थानीय माधवराव सदाशिवराव शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला मंदिर सरायपाली में विगत रात्रि पुनः 17 अगस्त को अज्ञात चोरों द्वारा छात्र हितग्राही योजनांतर्गत संचालित मध्यान्ह भोजन के रसोई कक्ष का ताला तोड़कर राशन सामग्री सहित बर्तनों की चोरी कर ली गई। गौरतलब है कि विगत चार माह पूर्व 28 अप्रैल को इसी विद्यालय में कम्प्यूटर प्रिंटर, कुकर, पंखा आदि की चोरी की गई थी। लेकिन चोरी हुई सामग्री को विद्यालय के आस-पास निरीक्षण के दौरान विद्यालय के पीछे ही महालीम पेड़ के नीचे रखा हुआ पाया गया था। जिसमें से 2 पंखे ही गायब थे। उक्त चोरी के घटना की सूचना थाने में दर्ज करा दी गई थी। परंतु आज तक इस पर कार्यवाही नहीं की गई और न ही चोरों की पतासाजी की गई। यह मामला शांत हुआ भी नहीं था कि विगत 17 अगस्त को पुनः विद्यालय में चोरी हो गई। इस बार चोरों ने किचन को निशाना बनाया है। अज्ञात चोरों द्वारा राशन सामग्रियों सहित बर्तनों की भी चोरी कर ली गई है। उक्त घटना में किचन से 2 नग स्टील ड्रम,2 नग स्टील टब, 2 नग 12 और 5 ली का कुकर, 10 नग स्टील तसला, 4 नग बड़ा चम्मच, 12 नगर छोटा चम्मच, 10 नग गिलास, 24 नग प्लेट, 50 नग थाली, 2 नग सिल्वर गंजी, 10 किग्रा दाल, 4 किग्राम जबकि इस बार आस पास निरीक्षण करने पर उक्त सामग्री नहीं मिली। विद्यालय के प्रधान पाठक एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अज्ञात चोरों के विरूद्ध जल्द से जल्द कार्यवाही करने की मांग की है। वहीं पिछली बार भी चोरी की घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थीए लेकिन पुलिस द्वारा आज पर्यन्त तक कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस बार पुलिस चुप रही और कार्यवाही नहीं की गई तो चोरों के हौसले बुलंद होते जाएंगे।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ा साढ़े 11 लाख का 57 किलो गांजा

## तीन सपड़ाये, एक फरार, 2 वाहन, 4 मोबाईल व 10 हजार नगद बरामद

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



स्थानीय सिटी कोतवाली पुलिस ने बीते गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 353 में ग्राम लभरा खुर्द के पास दो अलग-अलग कार्यवाही में तीन तस्करों को दबोचते हुए साढ़े 11 लाख का गांजा बरामद करने में सफ लता अर्जित की है। गांजा तस्करी में प्रयुक्त 8 लाख रुपए मूल्य के दो वाहन तथा 4 मोबाइल और 10000 रुपए नगद जप्त किए हैं। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ग्राम लाभरा खुर्द स्थित नध्या इन्फ्रोटेक च्वाईस सेंटर के सामने बागबाहरा की ओर से आती स्विफ्ट डिजायर कार सीजी 04 एनके 9095 को रोका गया तो कार पर सवार दोनों लोगों की हरकतें संदेहास्पद देखकर पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ कीएतब कार में गांजा रखा होना बताया गया। वाहन की तलाशी करने पर पिछली सीट के नीचे प्लास्टिक की दो अलग-अलग बोरियों में 36 किलो प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पकड़े गए दोनों लोगों में एक ने अपना नाम जगन्नाथ पिता बुडू पटेल उम्र 28 साल निवासी रेल्वे स्टेशन चूना भट्टी रायपुर के पास और दूसरे ने यीशु दास पिता विश्वासी दास 42 साल निवासी ग्राम चिंदा गुड़ाए थाना सिंदेकेला, जिला बलांगीर उड़ीसा बताया। दोनों के पास से 10-10 हजार रूपये मूल्य के दो और एक अन्य, कुल तीन मोबाइल तथा 10000 नगद बरामद किए गए। एक दूसरी कार्यवाही को भी मुखबिर की सूचना पर अंजाम देते हुए नेशनल हाईवे 353 में फिंगेश्वर चौक के समीप ढाबा के सामने वाहनों की जांच की जा रही थी। तभी बागबाहरा की ओर से आती स्लेटी रंग की बोलेरो वाहन क्रमांक ओडी 03 के 6122 पुलिस को देख कर थोड़ी दूर पर ही रूकी और दो आदमी वाहन से उतरकर भागने लगेए पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया तो एक ही पकड़ में आया जबकि दूसरा जंगल में छुप जाने से पुलिस के हाथ नहीं लगा। पकड़ मे आये गांजा तस्कर ने अपना नाम तपन सिंह पिता आश्रित सिंह निवासी ग्राम लोहरा पाली जिला नुवापाडा उड़ीसा बताया। भागने वाले को वाहन का ड्राइवर बताया गया है। वाहन के पीछे की सीट के नीचे सफेद रंग की प्लास्टिक की बोरी में भरा हुआ 21 किलो गांजा बरामद किया गया। जप्त गांजे की कीमत 4 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है।

# एक नजर

## शिवम रेसीडेंसी में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया- पंकज खण्डेलवाल

जोहार छत्तीसगढ़–बिलासपुर।



शिवम रेसीडेंसी शांति नगर में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। इस दौरान न्यूज हब इनसाइट की तरफ से उन बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन्होंने कॉलोनी में 15 अगस्त के दिन अपने कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। साथ ही 10वीं एवं12वीं के भी उन छात्रों को भी प्रमाण पत्र दिया गया। जिन्होंने अच्छे अंक लाकर अपने माता-पिता, कॉलोनी एवं बिलासपुर को गौरवांवित किया। सम्मान पाकर बच्चे एवं उनके माता-पिता खुश हुए और न्यूज हब इनसाइट के प्रति आभार प्रकट किया। न्यूज हब इनसाइट के प्रधान संपादक पंकज खंडेलवाल ने मयंशी खंडेलवाल, इवा सिंग, दर्श कुलकर्णी, प्राख्या खंडेलवाल, राघव अग्रवाल, अनुष्का हांडे, प्रांजल राज, राज चावड़ा और अर्पित श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में गैर शिक्षकीय पदों पर भर्ती हेतु चयन परीक्षा जिला कार्यालय के डाटा सेन्टर कक्ष में होगा आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़–जशपुरनगर।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मनोरा,दुलदुला,कुनकुरी,फरसाबाहर,कांसाबेल एवं पत्थलगांव हेतु गैर शिक्षकीय पद सहायक ग्रेड-2 लेखापाल एवं सहायक ग्रेड-3 का कौशल परीक्षा 22 अगस्त 2022 को समय 11 बजे से जिला कार्यालय के डाटा सेंटर कक्ष में आयोजित होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पहले उक्त परीक्षा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय जशपुर में रखा गया था। जिसे अपरिहार्य कारणों से यह परीक्षा जिला कलेक्ट्रट कार्यालय के डाटा सेंटर कक्ष में आयोजित की जायेगी।

## 2 नग ट्रेक्टर केजव्हील की चोरी, अपराध कायम

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।

बसना प्रेमसागर पटेल ने आरक्षी केन्द्र में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम गोडमर्रा का निवासी है। खेती किसानी का काम करता है कि उनके अपना ट्रेक्टर का 02 नग डबल केजव्हील को गर्मी समय से ट्रेक्टर से निकाल कर अनिरूद्ध भोई के घर के सामने गली किनारे रखा था जिसका आवश्यकता पडने पर दिनांक 12 जुलाई 22 को दोपहर करीबन 03 बजे जाकर देखा तो दोनों केचबील नहीं था कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा केजव्हील को चोरी कर ले गया है। उनके ट्रेक्टर का दो नग केजव्हील कीमती करीबन 40000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है पुलिस ने प्राथी कि शिकायत पर 379 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# रनबोड़ में निकला दही हांडी फोड़ व भगवान श्री कृष्ण की झांकी

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।



नवागढ़ ग्राम रनबोड़ में शनिवार की शाम धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी दही हांडी फोड़ मनाया गया। गांव के चौंक, चौराहे, गली मोहल्लों में दही हांडी फोड़ा गया घरों व मंदिरों में आरती की गूंज सुनाई देने लगी। आसमान हल्की फुहारों से अमृत वर्षा करने लगा। बच्चों से लेकर युवाओं में दही-हांड़ी फोड़ने होड़ मची रही। गांव में जन्माष्टमी पर लोगों के चेहरे में खुशी और उमंग देखते बन रही थी। सुबह से लोग कान्हा के आगमन को लेकर तैयारी में जुटे हुए थे। कहीं भजन किर्तन तो कहीं फूलों से झूले को सजाया गया था। सुमधुर भक्ति संगीत के साथ भजन कीर्तन हुआ। भक्तों की उपस्थिति ने उत्सव की खुशी को कई गुना बढ़ा दिया। श्री कृष्ण के दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ लग गई। इस अवसर पर विजय वैष्णव, नंदराम यादव, धनशाय साहू ने भगवान की झांकी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सरपंच फेरुराम साहू, त्रिलोक साहू, हरिचंद साहू, घनश्याम, जयता यादव, धर्मेन्द्र,शुनील सहित बड़ी संख्या में बच्चे महिलाएं व भक्तजन उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग का धावा, बिना परमिट, फिटनेस, टैक्स और बिना बीमा के संचालित वाहनों पर कार्यवाही

## जांच के दायरे में आने वालों से समझौता शुल्क 1.44 लाख की वसूली

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



विगत दिनों जोहार छत्तीसगढ़ में निजी बसों की मनमानी के खिलाफ समाचार के प्रकाशन के बाद कल शुक्रवार को परिवहन अधिकारी, महासमुंद, उड़न दस्ता, रायपुर एवं परिवहन चेक पोस्ट, खम्हारपाली के द्वारा संयुक्त रूप से यात्री बसों की चेकिंग कार्यवाही की गई। उपरोक्त जानकारी हेतु जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव ने बताया कि कुछ दिनों से मिल रही शिकायतों के चलते यह कार्रवाई की गयी। रायपुर सरायपाली मार्ग पर अधिक किराया। बिना परमिट, बिना फि टनेस, बिना टैक्स, बिना बीमा के संचालित वाहनों पर कार्यवाही की गयी। परमिट शर्तो का उल्लंघन करते पाये जाने पर कुल 24 वाहनों से कुल 49,300 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया है। इसके अलावा 01 वाहन का मोटर यान कर बकाया होने के कारण छत्तीसगढ़ मोटर यान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 16 ,3 के तहत जप्त कर पुलिस थाना, तुमगांव की अभिरक्षा में वाहन खड़ी की गई थी। वाहन स्वामी द्वारा बकाया मोटरयान कर 39,000 रूपए जमा करने के पश्चात वाहन को मुक्त किया गया। सभी को भविष्य के लिए हिदायत दी गयी। कार्रवाई के दौरान 2 वाहनों से 10,000 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया। बिना बीमा के संचालित 01 वाहन पर कार्यवाही करते हुए 5000 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया। अधिक किराया वसूल करते पाये जाने पर 3 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 15,000 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया। अन्य अपराध के तहत कुल 18 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 19,300 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया। इस तरह कुल 24 वाहनों से कुल 49,300 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया है। इसी प्रकार 01 स्कूल बस क्रमांक सीजी 04 एमवाय 4907 का मोटर यान कर बकाया होने के कारण 8000 रूपए जमा कराकर वाहन मुक्त किया गया। 01 ओव्हर लोड मालयान पर कार्यवाही करते हुए 48,000 रूपए समझौता शुल्क वसूल किया गया है।

# रतनपुर नगर पालिका का व्यवसायिक परिसर की जर्जर हालत से कभी भी हो सकती है कोई बड़ी दुर्घटना

जोहार छत्तीसगढ़–रतनपुर।

रतनपुर नगर पालिका परिषद के द्वारा भीम चौक मैं निर्माण किया गया व्यवसायिक परिसर, पहले यहां पर बाजार का सेट निर्माण हुआ था। बाद में इसे व्यवसायिक परिसर में बदल दिया गया।





यह तब भी बदहाल था और अभी बदहाल है इसकी बदहाली का यह आलम है कि यह व्यवसायिक परिसर बिना उपयोग किए ही पूरी तरीके से खराब हो गया है और आज जर्जर अवस्था में नगर पालिका परिषद की नुमाइंदों की पोल खोल रहा है। स्थानीय प्रशासन के उदासीनता के चलते इस परिसर की छत धर्राशाई होकर जमीन पर गिर रही है यह परिसर नगर के हृदय स्थल भीम चौक में स्थित है इसकी छत गिरने से कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। इस व्यवसायिक परिसर को कुछ साल पहले नीलामी बोली में इसकी नीलामी की गई थी और लगभग सभी दुकानें बिक चुकी थी। लेकिन नगर पालिका की उदासीनता के चलते इसे किसी भी खरीदने वालो को हैंड ओवर नहीं किया गया और आज रखरखाव के अभाव की वजह से पूरी तरीके से जर्जर होकर टूट गई है नगर पालिका की राजस्व की हानि तो हो ही रही है साथ ही साथ इसकी निर्माण मैं जो शासन का पैसा खर्च हुआ वह भी एक शासन की बहुत बड़ी क्षति है समय रहते इस और ध्यान नहीं दिया गया तो इस परिसर की जद में आने से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है नगर पालिका परिषद को चाहिए कि जल्द से जल्द उसे डिस्मेंटल करवाकर नव निर्माण किया जाए जिससे कोई ओ ना हो।

# तु मैं रक्त एक जाति पंत की भावना से ऊपर उठकर एकजुटता दिखाये-डॉ रश्मि सोनकर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम वनवासी कल्याण आश्रम चैनपुर में नगर महिला समिति मनेंद्रगढ़ के तत्वाधान में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे, मनेंद्रगढ़ के महिला, पुरूष व बच्चों जमकर भाग लिया, मंच पर शहर की जानी मानी कवियत्री व अध्यक्ष चेतना महिला समिति झगराखांड अनामिका चक्रवर्ती, समाज सेवी शीला सिंह, शीशा अरोड़ा व आदिवासी समाज की विशेष अतिथि सुशीला सिंग रही। कार्यक्रम मे आमंत्रित अतिथि प्रभात गुप्ता रहे, मंच संचालन डॉ. रश्मि सोनकर अध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम नगर महिला समिति ने किया जिन्होंने कहा कि तु मै रक्त एक, हम सब एक है। हम सब किसी भी जाति के हो पर हम सब हिन्दू आपस मे परिवार है। आपसी भाईचारा को बढ़ाते हुए कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम आयेजन किया गया है। अपनी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करना अपने धर्म से जोड़ना ये वनवासी कल्याण आश्रम का उद्देश्य है द्य कार्यक्रम मे नन्हे मुन्ने बच्चे राधा कृष्ण बनकर सबका मन मोह लिये, छोटे बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी, इस वर्ष महिलाएं भी यशोदा मैय्या बनकर सबकी तालियां बटोरी। अनामिका चक्रवर्ती ने का कि मै पहली बार आई आश्रम देखकर मन प्रसन्न हुआ। महिला समिति की संरक्षिका सुमन अग्रवाल ने कहा कि हम ऐसे आयोजन लगातार करते रहेंगे। कार्यक्रम की देखरेख व विशेष मार्गदर्शक के रुप मे वनवासी कल्याण आश्रम प्रदेश कोषाध्यक्ष विनोद शुक्ला, वनवासी कल्याण आश्रम जिलाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, जिला पदाधिकारी महेश्वरी सिंग, वनवासी कल्याण आश्रम छात्रावास अध्यक्ष जगदंबा अग्रवाल रहे।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण मटकी फ ोड़ व पुष्प वर्षा व आरती रहा, इस दौरान भजन व गीत पुरा प्रांगण गुंजता रहा, कार्यक्रम में उर्मिला राव, सुनैना विश्वकर्मा, ऊषा सिंग, संगीता शर्मा, बबिता सिंग कविता दिवान, नरोत्तम शर्मा, गौरव मिश्रा, मनोज केसरवानी, महेश व छात्रा वास के सभी बच्चे रहे। अंत मे सबने अपने धर्म की रक्षा व आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने की बात कही।

## पुलिस टीम के कप्तान ने नगद ईनाम की घोषणा के बाद, 24 घंटे में धरे गये 22 वारंटी भेजे गये जेल

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल भापुसे के निर्देशन में लगातार जिले में अवैध गतिविधियों, मादक पदार्थों नशीली दवाइयों, व तस्करो



आदि पर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी दौरान आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जितने भी स्थाई वारंट व अन्य वारण्टी और अपराधी किस्म के लोग जो कि न्यायालय में जमानत पर है वं किसी कारणवश गिरफ्तार नहीं हुए है और बाहर घुम रहे हैं। जो समाज के लिए घातक है। उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई करें। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव एव सभी अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा टीम गठित कर स्थाई वारंट तामीली के लिए विशेष क के अभियान चलाया गया जिसमें में 24 घंटे के भीतर 22 स्थायी वारण्टीयों जो अब तक बेखौफ होकर घूम रहे थे और समाज व आम जनता को कभी भी नुकसान कारित कर सकते थेए वैसे लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज गया। सभी वारण्टी लूट, चोरी, बलात्कार, मारपीट व आबकारी तथा अन्य मामलों के आरोपी थे।

## महेश गागड़ा ले रहे तेलंगाना के लोक गायकों का सहारा अपने वजूद को बचाने के लिए-बसन्त ताटी

जोहार छत्तीसगढ़-बीजापुर।



बीजापुर विधानसभा अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा के अगुवाई मे प्रदेश के अंतिमछोर तारलागुडा से प्रारंभ की गई जन अधिकार यात्रा प्रारंभिक दौर मे ही टांयटांय फिश हो गई। भाजपा द्वारा प्रारंभ की गई इस जन अधिकार यात्रा के सम्बन्ध मे सदस्य छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण परिषद एवं जिला पंचायत बसंत राव ताटी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि खिसकी हुई जनाधार से चिंतित पूर्व मंत्री गागड़ा विधानसभा चुनाव में पुनः टिकिट हासिल करने के लिए इस तरह की नौटंकी कर रहे हैं। गागड़ा से अब जनता का मोह भंग हो चुका है जिस कारण जन अधिकार यात्रा मे भीड़ जुटाने के लिए अब इन्हें सीमावर्ती तेलंगाना प्रदेश के लोक गायकों का सहारा लेना पड़ रहा है ताटी ने कहा कि अब जनता जान चुकी है कि प्रदेश मे भारतीय जनता पार्टी के हालात क्या है भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व का अब प्रदेश के अपने ही नेताओं पर से भरोसा उठ चुका है यही वजह है कि आनन-फानन में प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष को अकारण पद से हटाना पड़ा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता ताटी ने कहा कि जिन भाजपा नेताओं पर स्वयं पार्टी को भरोसा नहीं है ऐसे पार्टी पर भला जनता कैसे भरोसा कर सकती है ताटी ने आगे कहा कि बीजापुर सहित पूरे प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति बद से बदतर हो गई है। यही वो कारण है कि लगातार पंद्रह वर्षो तक सरकार मे रहने के बावजूद भी गत विधानसभा चुनाव मे भाजपा पंद्रह सीटों मे सिमट कर रह गई ताटी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने के पश्चात् यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का हर वर्ग खुशहाल है यही कारण है कि प्रदेश मे जब.जब भी उप चुनाव से लेकर पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव हुए है तब.तब भारतीय जनता पार्टी का सूपड़ा साफ हुआ है। कोंग्रेसी नेता ताटी ने अंत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई बीजापुर में ऐसे चाणक्य मौजूद है जो कि अपने ही गृह ग्राम में वार्ड पंच तक का चुनाव नहीं जितवा सकते।

# स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर नगर पालिका का नया अभियान

अब मलमा और कचरा फैलाने वालों को भुगतना होगा दो हजार का अर्थदण्ड

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

शहर में स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने सफाई कर्मचारियों की आपात बैठक ली। बैठक में शहर की स्वच्छता को और दुरुस्त करने पर जोर दिया गया।




स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग की अध्यक्षता में सफाई कर्मचारियों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सभापति निखिलकांत साहू, बबलू हरपाल, पार्षद महेन्द्र जैन, सैनिटरी इंस्पेक्टर श्रीवास, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर सहित सफ ाई कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान पालिका अध्यक्ष महिलांग ने शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राज मार्ग 353, गोल बाजार, सराफ ा बाजार, सब्जी मार्केट सहित वार्डों में सफ ाई व्यवस्था पर चर्चा की। पालिका अध्यक्ष महिलांग ने सफ ाई कर्मचारियों से भी सुझाव मांगे। और नगर में साफ -सफ ाई को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। पालिका अध्यक्ष महिलांग ने कहा कि अबतक सफाई व्यवस्था जिस ढर्रे पर चल रही थी। अब उसमें बदलाव की आवश्यकता है। सफ ाई कर्मचारियों ने बताया कि वार्डों में डिस्मेंटल मकान हो या फिर नये भवन निर्माण हो रहा हो निर्माण सामग्री और मलवा इधर उधर बिखरे पड़े रहते हैं। और उस मलवे के कारण नालियां जाम हो जाता है। कर्मचारियों ने बताया कि दुकान हो मकान सभी जगह नालियों के उपर बड़े बड़े स्लेव ढ़ाल दिया गया है। जिसके चलते नालियों की सफाई करने में खासे परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस पर पालिका अध्यक्ष महिलांग ने कहा कि 24 अगस्त तक सभी नागरिकों को समझाइश दिया जाएगा। इसके बाद से कचरा फेंकना, गंदगी करना, भवन सामग्रियों से नालियां जाम होती है तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध 2000 रुपए का अर्थदंड वसूला जाएगा और इस बात भी ऐसा करते हैं तो उस व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय में परिवाद दायर किया जाएगा। इस दौरान सफ ाई कर्मचारियों को नपाध्यक्ष ने कहा कि किसी व्यक्ति से विवाद के हालात नहीं बनना चाहिए। जो व्यक्ति किसी भी प्रकार का विवाद करता है तो इसकी सूचना तत्काल अपने अधिकारी व प्रभारी को दें। पालिका अध्यक्ष महिलांग ने कहा अब से अध्यक्ष स्वयं या पार्षदों द्वारा सफाई व्यवस्था का नियमित मॉनिटरिंग किया जाएगा। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने स्वच्छता प्रभारी से कहा किए सफ ाई कर्मचारियों को तमाम संसाधन उपलब्ध कराया जाए। संसाधन के अभाव में सफ ाई व्यवस्था चरमराई तो संबंधित उसके जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

## एक नजर

### नेहरू युवा केन्द्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय ने सद्भावना दिवस मनाया

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




नेहरू युवा केन्द्र कोरिया छग युवा कार्यक्रम एवं खेल मन्त्रालय भारत सरकार, एवं जिला युवा अधिकारी पवन कुमार के निर्देश पर 20 अगस्त 22 को सद्भावना दिवस का आयोजन ब्लॉक खड़गवां के अखरादांड में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेहरू यूवा केंद्र कोरिया की राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका अंकिता सिंह के द्वारा किया गया। अंकिता ने नेहरू युवा केंद्र के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी साथ ही सद्भावना दिवस के अन्तर्गत शपथ ग्रहण का कार्यक्रम करवाया गया तथा आज के विशेष दिन का महत्व बताया गया लोगों को जाति, धर्म, समुदाय से उपर उठकर राष्ट्र प्रेम हेतु प्रेरित करते हुए हिंसा का मार्ग छोड़कर संविधान के अनुसार चलने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र कोरिया छग. कि राष्ट्रीय युवा स्वयं सेविका अंकिता सिंह के द्वारा किया गया।

### प्रेस क्लब हिंदी दिवस 13 सितंबर को नगर गौरवान्वित करने वाले प्रतिभाओं का करेगी सम्मान

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



स्थानीय पी डब्ल्यू डी रेस्ट हाऊस में रतनपुर प्रेस क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेस क्लब के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे जिसमें 13 सितनम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम की योजना बनाई गई। आज डब्ल्यू डी रेस्ट हाऊस में रतनपुर प्रेस क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। प्रेस क्लब अध्यक्ष रवि ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक को रतनपुर प्रेस क्लब के द्वारा अहम बैठक माना गया है। इस बैठक में रतनपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों की उपस्थिति रही बैठक के दौरान आगामी 13 सितम्बर को हिंदी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन की सहमति बनी इस कार्यक्रम में रतनपुर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, संस्कृति, सामाजिक एवं खेल के क्षेत्र में नगर सहित अंचल का नाम रोशन करने वालों का सम्मान किया जाएगा साथ ही हिंदी दिवस के अवसर पर वक्ताओं द्वारा हिंदी विषय पर व्यख्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर रतनपुर प्रेस क्लब के सभी सदस्य उपस्थित करें।

### पत्रकारों ने दी शिवा महंती को श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले के पिथौरा स्थित स्थानीय विश्राम गृह में छत्तीसगढ़ वेलफेयर यूनियन पिथौरा ब्लॉक की आवश्यक बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम उपाध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल के दिशा निर्देश में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष बलराज नायडू, जिला उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल जिला महासचिव आकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव मनाया गया नये सदस्यों को जोड़ने व निष्क्रिय सदस्यों लगातार मक्रिय रहने का आग्रह किया गया। साथ हो संगठन की बैठकों में लगातार अनुपस्थित सदस्यों पर कार्रवाही की बात कही गई। बैठक में पत्रकार व समाजसेवी आकाश अग्रवाल द्वारा आये दिन सड़क दुर्घटना से शारीरिक चोट व जन हानि को देखते हुये संघ के पत्रकार साथियों को हेलमेट देने की घोषणा को साथ हो आम दोपहिया चालकों को भी हेलमेट प्रदान करने की घोषणा की गई। बैठक के अंत में नगर के दिवंगत माहित्यकार अधिवक्ता शिवा महाति के निधन पर जल अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से कामना की गई। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से बलराज नायडू जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष आनंद अग्रवाल, आकाश अग्रवाल जिला महासचिव, ललित मुखर्जी जिला सचिव, ताराचंद पटेल जिला सचिव, संतराम कुर्रे जिला संगठन सचिव, जिला कार्यकारिणी सलाहकार जाकिर कुरेशी, संतोष गुप्ता, साहस साव, गोविंद शर्मा, गौरव चंद्राकर ब्लॉक अध्यक्ष रमेश सिन्हा ब्लॉक उपाध्यक्ष, लोकनाथ खुटे ब्लाक महासचिव, रमेश श्रीवास्तव, प्रियांशु दीक्षित, राजेश साव, राजा शुक्ला, चंद्रशेखर पद्माकर, कीर्ति पांडे, देव पटेल, बद्री प्रसाद दुबे, कमलेश डड़सेना, राजकुमार अग्रवाल चंदन पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय संरक्षक शंकर पांडेय का भूपेश बघेल ने प्रेस क्लब रायपुर में सम्मानित किया

प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द शर्मा एवं समस्त पत्रकार जगत ने वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडेय को बधाई दी

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

रायपुर प्रेस क्लब के सम्मान समारोह में प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार के राष्ट्रीय संरक्षक शंकर पांडेय का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सम्मानित किया।



वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडेय विगत 40 वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े हुए दैनिक अखबारों के साथ अन्य पत्रिकाओं में कार्य कार्य किया। आज खुद की पत्रिका छत्तीसगढ़ सुराज के प्रधान संपादक है जो छत्तीसगढ़ ही नहीं अन्य राज्यों में एक जानी मानी पत्रिका है इसके साथ स्वतंत्र पत्रकारिता करते हुए आईना, छत्तीसगढ़ कॉलम प्रति सप्ताह विगत कई वर्षो से लिख रहे है जिनका समाज के हर वर्ग को बेताबी से इंतजार रहता है इसी तरह पत्रकारिता में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। देश में चल रही पत्रकार सुरक्षा कानून की लड़ाई में कई राज्यों में इस लड़ाई को मजबूत किया है छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून की लड़ाई को इतना मजबूत किया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस कानून को बनाने की ओर समिति ही गठित नही की पत्रकार सुरक्षा कानून का ड्राफ्ट भी बना लिया है जिसे आने वाले दिनों कानून का रूप देने की बात की है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारीयो के साथ समस्त पत्रकार जगत ने वरिष्ठ पत्रकार शंकर पांडेय जी को बधाई प्रेषित की ।

## कोयला लदान का रिकार्ड, वाह रेल मंत्री जी वाह

कोरबा ही नहीं पूरे छग की रेलयात्री सुविधाओं के साथ भद्दा मजाक-ज्योत्सना

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के द्वारा 15 अगस्त 2022 को मालगाड़ियों के 296 वैगन, 6 इंजन और रैक जोड़कर 3.50 किलोमीटर लंबी 25962 टन वजनी मालगाड़ी चलाकर कोयला लदान का कीर्तिमान गढ़ा जिसका नाम सुपर वासुकी रखा गया।



कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोयला लदान के इस कीर्तिमान पर केन्द्रीय रेलमंत्री को आड़े हाथों लिया है। सांसद ने कहा कि जहां एक ओर कोयला लदान का कीर्तिमान गढ़ा जा रहा है तो दूसरी तरफ यात्रियों के लिए सुविधाओं की कटौती हो रही है। गोंदिया.गुड़मा रेलखंड के यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है तो बिलासपुर भगत की कोठी दुर्घटनाग्रस्त होती है। गोंदिया में रेल हादसा होता है जिसमें 50 यात्री घायल हुए। रेलवे ने 6 मालगाड़ियों को जोड़कर चलाने का प्रयोग तो किया लेकिन यह राजनांदगांव में फेल हो गई तब अलग-अलग 2 ट्रेन बनाकर नागपुर के लिए रवाना किया गया। सांसद ने कहा है कि कोरबा ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और इससे लगी सीमाओं पर भी यात्री ट्रेनों को रद्द कर जनता को परेशान किया जा रहा है। कोरबा जिले से चलने वाली यात्री ट्रेनों को कोरोना संक्रमण काल के दौरान बंद किया गया लेकिन इसके बाद इन ट्रेनों को पूरी रह से चालू नहीं किया जा रहा है। कोई न कोई कारण बताकर यात्री सुविधाओं को कम किया जा रहा है जबकि मालगाड़ियों को पार कराने के लिए यात्री गाड़ियों को आउटर पर रोककर परेशानी बढ़ाई जा रही है। कोरबा और छत्तीसगढ़ के यात्रियों के साथ भद्दा मजाक किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया है कि जब रेलवे मंत्री और उनका मंत्रालय तथा रेलवे के शीर्ष अधिकारी लगातार मेन्टेनेंस की बात करते है तब ऐसे में रेल हादसे क्यों हो रहे हैं।

यात्री सुविधाओं में कमी की जा कर कोयला संकट की बात कहते हुए जहां कोयला घोटाला का भी आरोप लगाया जाता है तब ऐसे में कोयला की ढुलाई दर ढुलाई कर आखिर कौन सा रहस्य रेल मंत्री छुपाना चाहते हैं। कहीं कोयला ढुलाई के नाम पर घोटाला रचने का खेल तो नहीं खेला जा रहा या फिर जनता के साथ रेलवे और उनका मंत्रालय बार-बार छल करने पर तत्पर है।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, रविवार 21 अगस्त 2022



# मुंबई में नई होने के कारन शुरवात में लोगो ने बहोत ही ज्यादा मुझे बेवकूफ़ बनाया:जॉर्जिया एंड्रयानी

जॉर्जिया एंड्रयानी, जो शहर की सबसे पसंदीदा हस्तियों में से एक है, और हमेशा अपने तेजस्वी और प्रयासशील व्यक्ति त्व से दर्शकों को चकित किया है। जॉर्जिया वास्तव में एक नर्म दिल व्क्यती हे जो हमेशा अपनी चमकदार मुस्कान के साथ बिखेरना सुनिश्चित करती है। अभिनेत्री हमें कुछ पुरानी बाते याद दिलाती है जहां उन्होंने मुंबई मे नयी होने के कारन कैसे लोगो ने उन्हें मासूम समझ उसका फायदा उठाया और पैसे के लिए उसे ठग लिया।

अभिनेत्री 5 साल से मुंबई में रह रही हे, उनके इनिशियल अनुभव और चुनातियों के बारे में खुलासा किया। अभिनेत्री ने कहा, मेरे पास एक नौकरानी थी जो हर दिन आती थी और जैसा कि मुझे पता नहीं था कि कैसे उन्हें पे किया जाता हे, वह मुझसे दो घंटे के लिए बहुत सारे पैसे चार्ज करती थी, और लोगो ने मुझे मासूम समझकर मेरा इस बात का फायदा उठाया , और शुरुआत में कभी-कभी, रिक्शा से जाते वक्त, रिक्शा वाले मुझसे एक जगह जानेकी कीमत तीन गुना ज्यादा लेते थे। लेकिन मुंबई में इतना भी नहीं होता क्योंकि मुंबई में बहुत ईमानदारी है, जैसे लोग आपको ऐसे ही नहीं ले जाएंगे क्योंकि आप सिर्फ परदेश से हो। यह जयादा दिल्ली में हुआ जब मैं यहां आई, मुंबई में नहीं अभिनेत्री का कहना है।

जॉर्जिया, जिसे वास्तव में भारत और भारतीय संस्कृति से प्यार है, उन्होंने वास्तव में अपने अनुभव और इच्छाओं के बारे में बहुत कुछ खुल कर बात की और यहां तक कि मुंबई के दादर को अपनी पसंदीदा जगह भी बताई ।

# रश्मि देसाई शार्ट ड्रेस में लेग्स फ्लॉन्ट करती आई नजर, हॉटनेस का लगाया तड़का

टेलीविजन एक्ट्रेस और भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग से हलचल मचाने वाली रश्मि देसाई अब बेहद ग्लैमरस हो गई हैं. आए दिन इंटरनेट सेंसेशन बनी रहती है. पिछले कुछ दिनों से रश्मि के एक से बढ़कर एक ग्लैमरस फोटोशूट्स सामने आ रहे हैं. जिनमें उनका बेहद ग्लैमरस अवतार देखने को मिल रहा है।



आएं दिन रश्मि अपने फोटोशूट से इंस्टाग्राम का तापमान बढ़ाती रहती है. हाल ही में रश्मि ने एक और नया फोटोशूट करवाया है. जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आते ही सबकी नजरें रश्मि पर टिकी रह गई हैं. रश्मि देसाई सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उनका इंस्टाग्राम उनकी बोल्ड और सिजलिंग फोटो से भरा हुआ है. हाल में हुए फोटोशूट में एक्ट्रेस काफी हॉट दिख रही हैं. फैंस उनकी तस्वीरों पर से नजरें ही नहीं हटा पा रहे हैं. इस लुक में रश्मि देसाई शॉर्ट हाई थाई स्लिट ड्रेस में अपने लेग्स फ्लॉन्ट करते हुए नजर आ रही हैं. इंटरनेट पर रश्मि के इस बोल्ड लुक को काफी पसंद किया जा रहा है. रश्मि देसाई के इस लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने ऑफ शोल्डर आउटफिट को बेहद कॉन्फिडेंट के साथ कैरी किया हुआ है. प्लंजिंग नेकलाइन वाली इस ड्रेस

# कमल हासन अभिनीत विक्रम ने सिनेमाघरों में पूरे किए 75 दिन



निर्देशक लोकेश कनकराज की एक्शन एंटरटेनर फिल्म विक्रम का ड्रीम रन जारी है, जिसमें अभिनेता कमल हासन, विजय सेतुपति और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं और फिल्म अब सिनेमाघरों में 75 दिन पूरे कर चुकी है। घोषणा करने के लिए ट्विटर पर लिखा, फिल्म का निर्माण करने वाले अभिनेता कमल हासन के प्रोडक्शन हाउस राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल ने कहा, भारतीय सिनेमा की बाजीगरी। हैशटैग-75डेजऑफविक्रम और काउंटिंग!फिल्म ने पहले ही रिकॉर्ड बुक में अपनी जगह बना ली है, तमिलनाडु में सभी मौजूदा बॉक्स-ऑफिस पर रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। इसने राज्य में सिर्फ 17 दिनों में 155 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म का ओवरऑल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन जून में ही 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गया था। अब भी फिल्म का सिनेमाघरों में जोरदार प्रदर्शन जारी है। दिलचस्प बात यह है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 8 जुलाई को रिलीज हुई फिल्म के बावजूद सिनेमाघरों में ड्रीम रन जारी है। विक्रम, जिसकी लोगों ने प्रशंसा की है, ने न केवल भारतीय व्यापार जगत को प्रभावित किया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को भी अचंभित कर दिया है। लोकेश कनगराज द्वारा लिखित और निर्देशित, कमल हासन, विजय सेतुपति, फहद फासिल और सूर्या अभिनीत यह फिल्म 3 जून को दुनिया भर में रिलीज हुई थी।

# पैर में फ्रैक्चर होने के बाद भी खाली नहीं बैठूंगी : शिल्पा शेट्टी



रोहित शेट्टी की वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स की शूटिंग के दौरान पैर में फ्रैक्चर होने के बाद अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने ठान लिया है कि वह चोट को उनका मनोबल गिराने नहीं देंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जहां तक मुझे याद है, मैं बिना रुके काम कर रही थी। इसलिए, छह सप्ताह के लिए शूटिंग से बाहर रहने का विचार मेरे लिए बहुत अलग है। मुझे पता है कि मैं बेकार नहीं बैठूंगी। मुझे पता है कि मैं एक बाधा को काम करने से रोकने नहीं दूंगी।किसी भी चीज को आपको हतोत्साहित न करने दें। अपने लक्ष्यों पर काम करने के लिए खुद को तैयार करें, और फिर जादू देखें!अभिनेत्री ने ओरिसन स्वेट मार्डेन के एक उद्धरण के साथ खुद को योग करते हुए एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें लिखा था, जब हम साहसपूर्वक बाधाओं से लड़ने का मन बनाते है तो अधिकांश बाधाएं दूर हो जाती हैं।फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी की इंडियन पुलिस फोर्स वेब-सीरीज में शिल्पा की शुरुआत है।

## खेल

### रावलपिंडी एक्सप्रेस ने बताया जब बाकी बल्लेबाज डरते थे तो इस खिलाड़ी ने उन्हें बेहतर खेला



**नई दिल्ली।** रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से बल्लेबाजों के लिए खौफ का पर्याय बन चुके शोएब अख्तर फिलहाल भले बैसाखी की मदद से चलने को मजबूर हैं लेकिन एक वक्त ऐसा था जब उनकी गेंद पर बड़े-बड़े बल्लेबाज मुश्किल में पड़ जाते थे। 90 के दशक में शोएब अख्तर ने अपनी पेस, बाउंसर और अपने सटीक यॉर्कर से न जाने कितने बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर किया होगा लेकिन एक बल्लेबाज है जो अख्तर को सबसे बेहतरीन तरीके से खेलते थे। इस बात की पुष्टि खुद शोएब अख्तर ने की है।

90 के दशक में ये दोनों कई बार एक दूसरे के आमने-सामने आए और फैंस ने इन दोनों की राइवलरी का खूब आनंद लिया। अख्तर ने 1999 के वर्ल्ड कप का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनकी पेस से बाकी बल्लेबाज को मुश्किल होती थी तो सचिन ने उन्हें सबसे अच्छी तरीके से खेला। स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए अख्तर ने कहा %पाकिस्तान की यह टीम भारत के खिलाफ बेवजह के दबाव में मैदान पर उतर जाती थी। हमने 2003 विश्व कप में भी चोक किया था। लेकिन सचिन ने 1999 के विश्व कप के दौरान मुझे बेहतरीन तरीके से खेला। बाकी सभी बल्लेबाज उस समय मुझसे डरे हुए थे। दुनिया के कई बल्लेबाज मेरे खिलाफ पैर हिलाना बंद कर देते थे।

# इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहेंगी झूलन, इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होगा आखिरी मैच!

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अपनी अगली सीमित ओवर्स की सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ उसी के घर में खेलनी है. इसके लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शुक्रवार को टी20 और वनडे टीम का ऐलान कर दिया है. इस सीरीज के साथ ही भारत की एक स्टार प्लेयर ने संन्यास लेने का मन बना लिया है।



यह स्टार तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी हैं. भारतीय महिला टीम को इंग्लैंड दौरे पर तीन टी20 और तीन वनडे मुकाबले खेलने हैं. 10 सितंबर को पहले टी20 मैच के साथ दौरे की शुरुआत होगी. जबकि 24 सितंबर को आखिरी वनडे मैच खेला जाएगा. यह मैच झूलन के करियर का भी आखिरी मुकाबला रहेगा. इस बात का दावा इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में किया है. झूलन का सेलेक्शन भी सिर्फ वनडे सीरीज के लिए ही हुआ है. रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई के एक टॉप के अधिकारी ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरा यानी सीरीज का आखिरी वनडे झूलन का फेयरवेल मैच होगा. यह मैच लॉर्ड्स में खेला जाएगा. बता दें कि हाल ही में भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के ही बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भाग लिया था. इसमें भारतीय टीम फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारी थी. इसके साथ ही टीम को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा था. कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए झूलन गोस्वामी को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली थी. मगर अब इंग्लैंड के खिलाफ ही वनडे सीरीज के लिए उनका सेलेक्शन किया गया है.

झूलन ने टीम इंडिया के लिए आखिरी मैच इसी साल 22 मार्च को बांग्लादेश के खिलाफ खेला था. यह मुकाबला न्यूजीलैंड के हेमिल्टन में वनडे वर्ल्ड कप के तहत हुआ था. इस मैच में भारतीय टीम 110 रनों से जीती थी. जिसमें झूलन गोस्वामी ने 19 रन देकर 2 विकेट लिए थे. इसके बाद जुलाई में हुई श्रीलंका सीरीज के लिए झूलन को सेलेक्ट नहीं किया गया था.

# पति युजवेंद्र चहल से अनबन की खबरों पर धनश्री ने किया रिएक्ट



**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के बीच सबकुछ ठीक नहीं है. हाल ही में धनश्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर से पति युजवेंद्र के सरनेम चहल को हटा दिया था. जिसके बाद अटकलों का बाजार गर्म होने लगा. हर तरफ दोनों के रिलेशनशिप को लेकर तरह-तरह की बाते होने लगी. इन सबके बीच, खुद धनश्री वर्मा ने अब इन खबरों पर विराम लगा दिया है. धनश्री वर्मा ने अपने इंस्टाग्राम से चहल सरनेम हटा लिया था. जिसके बाद से ये कपल सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगा था. हर कोई सोच रहा था कि अब इनका रिश्ता टूटने वाला है. लेकिन अब खुद धनश्री वर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सभी अफवाहों को गलत करार दिया है. उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- 'सभी से एक विनती है कि हमारे रिलेशनशिप को लेकर किसी भी तरह की अफवाह पर विश्वास ना करें. कृपया इसे तुरंत बंद कर दें.'

## 2020 में की थी शादी

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा दिसंबर 2020 में शादी के बंधन में बंधे थे. दोनों ने धूमधाम से शादी की थी. बता दें कि युजवेंद्र चहल ने डांस सीखने के लिए धनश्री वर्मा की डांस क्लास को ज्वॉइन किया था. इसी दौरान दोनों एक दूसरे के करीब आए थे. बता दें कि धनश्री वर्मा एक डेंटिस्ट होने के साथ ही एक बेहतरीन कोरियोग्राफर भी हैं. धनश्री सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं, साथ ही अपना यूट्यूब चैनल भी चलाती हैं. फैंस भी सोशल मीडिया पर धनश्री की वीडियोज के जरिए डांस सीखने की कोशिश करते हैं।

### मैच टाइमिंग और लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल

# एशिया कप 2022 के लिए हुआ सभी टीमों के स्क्वॉड का ऐलान

**एशिया** कप 2022 का आगाज यूएई में 27 अगस्त से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच होगा, वहीं भारत अपने अभियान का आगाज 28 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलकर करेगा। एशिया कप के 15वें संस्करण की मेजबानी श्रीलंका को मिली थी, मगर देश में चल रहे आर्थिक संकट को देखते हुए बोर्ड ने अपने हाथ पीछे खींच लिए। इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इस साल भारत के अलावा कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही है जिसमें पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान की टीम शामिल हैं। एक अन्य टीम क्वालीफायर राउंड पर कर इन टीमों के साथ जुड़ेगी। इन टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान के साथ




क्वालीफाई करने वाली टीम होगी, वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हैं।

**एशिया कप के लिए सभी टीमों का स्क्वॉड इस प्रकार है-** भारत - रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान।

**स्टैंडबाय**- श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, दीपक चाहर।

**पाकिस्तान** - बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर।

**अफगानिस्ता**- मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान (उपकप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, फरीद अहमद मलिक, फजल हक फारूकी, हशमतुल्ला शाहिदी, हजरतुल्लाह जजई, इब्राहिम जादरान, करीम जनत, मुजीब उर रहमान, नजीबुल्लाह जादरान, नूर अहमद, नजीबुल्ला जादरान, नूर अहमद रहमानुल्ला गुरबाज, राशिद खान, समीउल्लाह शिनवारी।


# रावलपिंडी एक्सप्रेस ने बताया जब बाकी बल्लेबाज डरते थे तो इस खिलाड़ी ने उन्हें खेला सबसे बेहतर

**नई दिल्ली।** रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से बल्लेबाजों के लिए खौफ का पर्याय बन चुके शोएब अख्तर फिलहाल भले बैसाखी की मदद से चलने को मजबूर हैं लेकिन एक वक्त ऐसा था जब उनकी गेंद पर बड़े-बड़े बल्लेबाज मुश्किल में पड़ जाते थे। 90 के दशक में शोएब अख्तर ने अपनी पेस, बाउंसर और अपने सटीक यॉर्कर से न जाने कितने बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर किया होगा लेकिन एक बल्लेबाज है जो अख्तर को सबसे बेहतरीन तरीके से खेलते थे। इस बात की पुष्टि खुद शोएब अख्तर ने की है।

90 के दशक में ये दोनों कई बार एक दूसरे के आमने-सामने आए और फैंस ने इन दोनों की राइवलरी का खूब आनंद लिया। अख्तर ने 1999 के वर्ल्ड कप का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनकी पेस से बाकी बल्लेबाज को मुश्किल होती थी तो सचिन ने उन्हें सबसे अच्छी तरीके से खेला।

स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत करते हुए अख्तर ने कहा 'पाकिस्तान की यह टीम भारत के खिलाफ बेवजह के दबाव में मैदान पर उतर जाती थी। हमने 2003 विश्व कप में भी चोक किया था। लेकिन सचिन ने 1999 के विश्व कप के दौरान मुझे बेहतरीन तरीके से खेला। बाकी सभी बल्लेबाज उस समय मुझसे डरे हुए थे। दुनिया के कई बल्लेबाज मेरे खिलाफ पैर हिलाना बंद कर देते थे।




# सामाजिक संस्था शांता फाउन्डेशन ने बच्चों के साथ मटकी तोड़कर मनाई कृष्ण जन्माष्टमी, बच्चों को बांटी पुस्तक

बिलासपुर । शुक्रवार को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर न्यायधानी सामाजिक संस्था शांता फाउंडेशन द्वारा वार्ड क्र 65 संत नामदेव नगर इमलीभाटा सरकंडा में रहने वाले बच्चों के साथ खुशियां बांटते हुए श्री कृष्णाजन्माष्टमी धूम धाम से मनाया।



संस्था द्वारा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने छत में बंधी हुई मटकी को फोड़ने का उत्साहपूर्वक प्रयास किया। इसमें तीन बच्चों को सफलता मिली।

संस्था की ओर से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार वितरण किया।जन्माष्ठमी के अवसर पर छोटे बच्चे भगवान कृष्ण का रूप धारण किए थे। लड़कियां राधा बनी। बच्चों ने अपने कलाकारी के माध्यम से अलग अलग स्वरूप से भगवान कृष्ण को याद किया।

साथ ही साथ बच्चों को मिष्ठान एवं अन्य बच्चों को सांत्वना पुरुष्कार भी बांटा गया इस तरह से बच्चों ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान एवं सांत्वना पुरुष्कार प्राप्त कर खुशी वक्त किया। शांता फाउंडेशन के संस्थापक नीरज गेमनानी ने बताया कि भगवान कृष्ण के जन्मदिन को जन्माष्टमी के रूप में मनाया जाता है। सही मायनों में यह बुराई पर अच्चाई की जीत का पर्व है। इस दिन लोग एक दूसरे को गले मिलकर सारे गीले शिकवे दूर कर बधाई देते हैं। भगवान कृष्ण एकता के प्रतीक हैं। इस कार्यक्रम में शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाज सेवी नीरज गेमनानी, नेहा तिवारी, वार्ड पार्षद श्याम साहू, दानेश्वर सिंह राजपूत, सिम्मी टंडन, रोहन तलवानी उपस्थित रहे।

### शहर के प्रमुख मंदिरों को सजाया

जन्माष्टमी को लेकर खुशी ऐसी कि शहर के सभी मंदिरों को सजाया गया है। घरों में भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जन्माष्टमी पर्व को भव्य बनाने के लिए भक्त भगवान की पोशाक,श्रृंगार सामग्री, झूलों की खरीदारी में जुटे हुए हैं। मुंगेलीनाका, कंपनी गार्डन, गोलबाजार समेत शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पूजन सामग्री, पोशाक,श्रृंगार सामग्री और डिजाइनर मटकी खरीदे गए। घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित खाटू श्याम मंदिर, सरकंडा और मसानगंज व शंकर नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भव्य उत्सव होगा। विशेष भोग प्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है।

# विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी करोना चौक में स्व. कमल किशोर अग्रवाल की स्मृति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मलखभ मटकी फोड़ का भव्य आयोजन

बिलासपुर । करोना चौक में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व कमल किशोर अग्रवाल की स्मृति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मलखभ मटकी फोड़ का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना कर शुरुआत की गई।



करोना चौक में निरंतर 38 वर्षो से जारी मलखंब मटकी फोड़ प्रतियोगिता के अतिथियों में समाज सेवी सुश्री किरण सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ.उज्जवला कराडे एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सीएमडी कालेज चेयरमेन संजय दुबे ने ग्रीस लगे मलखंभ में भगवान श्री कृष्ण जी की फोटो में माल्यार्पण कर विधिवत पूजा अर्चना कर खंबे में लगी मटकी को फोड़ कर कार्यक्रम की शुरुवात की।उक्त अवसर पर समिति के द्वारा जमकर आतिश बाजी किया गया।

जिसके बाद सामने बने समिति के मंच में कार्यक्रम में आए अतिथि मंच में आसीन हुए।जहा पर मुख्य अतिथि श्रीमती किरण सिंह विशिष्ट अतिथि डॉ.उज्जवला कराडे एवम संजय दुबे का समिति के सदस्यो ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया।स्वागत पश्चात प्रतियोगिता के निरंतर जारी रहने पर प्रशंसा करते हुए।अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर इस तरह के सफल आयोजन से सामाजिक एकता और एक नया संबल प्राप्त होता है, और सांस्कृतिय आयोजन होने से आनंद की अनुभूति होती है। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशंभर गुलहरे अनिल केशरवानी चंचल सलूजा बसंत शर्मा चंचल सलूजा अजीत मिश्रा लक्की यादव, जानू गुलहरें,रोनित राय दीपक राजपूत टीपू खान आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# गणेश उत्सव व दुर्गा पूजा को लेकर सरकार के दिशा निर्देश जारी

### प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मुर्तियों पर लगा प्रतिबंध

**रायपुर ।** त्योहारों और सार्वजनिक उत्सवों को देखते हुए राज्य सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किया है। इसके तहत प्लास्टर आफ पेरिस व अन्य प्रतिबंधित सामग्री से बनी मूर्तियों पर रोक लगाई गई है। जल को दूषित होने से बचाने के लिए ऐसी मूर्तियों के नदियों में विसर्जन पर रोक लगाई गई है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तीज, गणेश विसर्जन, दुर्गा पूजा, पितृमोक्ष अमावस्या के मद्देनजर व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। इसके तहत तालाबों और घाटों पर विसर्जन के पूर्व पूजन सामग्री को अलग-अलग कर उपयुक्त स्थल पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने तालाबों, घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, फागिंग, शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण रखने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

आयोजन स्थलों के पास मोबाइल मेडिकल यूनिट की व्यवस्था की जाएगी। मूर्ति विसर्जन के लिए रूट का चयन न्यूनतम यातायात बाधा के आधार पर किया जाएगा। आयोजन स्थलों पर आवश्यक प्रकाश की व्यवस्था होगी। संपूर्ण शहर में छुट्टा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस में भेजने की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया गया है।

# बिलासपुर में चोरी के सन्देह में युवकों को खम्भे से बांध कर पीटा, विडियो वायरल होने के बाद हुई कार्यवाही

**बिलासपुर ।** सीपत क्षेत्र के डंगनिया में बाइक खराब होने पर रुके युवकों पर चोरी का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इसके बाद युवकों को खंभे में बांधकर पिटाई की। मारपीट से घायल युवकों ने इसकी शिकायत सीपत थाने में की। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। सकरी क्षेत्र के घुरू गोकुलधाम में रहने वाले राजकुमार सूर्यवंशी(18) के रिश्तेदार सीपत क्षेत्र के बसहा में रहते हैं। बुधवार की रात वे अपने दोस्त सतसागर धृतलहरे के साथ मोबाइल लेने के लिए बसहा जा रहे थे। रात एक बजे डंगनिया मेन



रोड में उनकी बाइक खराब हो गई। वे बाइक का प्लग खोलकर साफ कर रहे थे। इसी दौरान वहां तीन लोग पहुंचे। उन्होंने चोरी करने आने की बात कहते हुए युवकों से गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर ग्रामीणों ने शोर मचाकर अन्य लोगों को बुला लिया। इसके बाद राजकुमार और सतसागर की पिटाई करने लगे। ग्रामीणों ने युवकों को खंभे से बांधकर पीटा। किसी ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जवानों ने युवकों को छुड़ाकर थाने लाया। यहां पर पूछताछ के बाद घायल युवकों ने मामले की शिकायत सीपत थाने में की। इस पर पुलिस हत्या के प्रयास और मारपीट का मामला दर्ज कर हमलावर की तलाश में जुट गई। गांव में पूछताछ के बाद पुलिस ने गांव के सुमित वस्त्रकार(32) निवासी खैरा, सोनू उर्फ सुशील कश्यप(25) निवासी डंगनिया पिंटू उर्फ अरविंद वस्त्रकार(20) निवासी डंगनिया, विजेन्द्र कश्यप उर्फ लाला(26) निवासी डंगनिया, धीरज यादव(25) निवासी डंगनिया पूछताछ के बाद पुलिस गांव के अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

### पहले मामूली धाराओं में किया था जुर्म दर्ज

*युवकों को पकड़ने के बाद ग्रामीणों ने खंभे से बांधकर पिटाई की। इस बीच किसी ने इसका वीडियो बना लिया। वहीं, मामले की जानकारी पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने ग्रामीणों के कब्जे से युवकों को छुड़ा लिया। घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने मामूली धाराओं में जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली। बाद में इसका वीडियो वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में पांच युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में हत्या के प्रयास की धारा भी जोड़ी गई है।*

# बहुचर्चित रिक्शा चालक भोंदूदास मामले में पटवारी हुआ गिरफ्तार, तहसीलदार को दी थी गलत जानकारी, जांच के बाद हुआ खुलासा

**बिलासपुर ।** चिल्हाटी की पांच एकड़ जमीन को रिक्शा चलाने वाले भोंदूदास के नाम पर करने और दस्तावेज में छेड़छाड़ के मामले में सरकंडा पुलिस ने मोपका के तत्कालीन पटवारी को गिरफ्तार किया है। मामले में इससे पहले रिक्शा चालक भोंदूदास समेत चार लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। बीते दिनों आइजी रतनलाल डांगी को मोपका क्षेत्र में कई एकड़ जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ की शिकायत मिली थी। आइजी ने राजस्व और पुलिस अधिकारियों की टीम बनाकर मामले की जांच के निर्देश दिए थे। इधर मामले में तत्कालीन तहसीलदार संदीप ठाकुर ने सरकंडा थाने में मामले की शिकायत की।



उनकी शिकायत पर सरकंडा पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित रिक्शा चालक भोंदूदास को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच के दौरान पुलिस सुरेश मिश्रा निवासी राजकिशोरनगर, हैरी जोसेफ(45) निवासी कासिमपारा व रामकुमार यादव(34) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इधर जांच के दौरान पता चला कि भोंदूदास ने चिल्हाटी स्थित पांच एकड़ जमीन को अपने नाम पर करने के लिए तहसील कार्यालय में आवेदन दिया है। साथ ही दो एकड़ जमीन के अभिलेख दुरुस्त करने का आवेदन लगाया। तहसीलदार ने मामले की सुनवाई के दौरान तत्कालीन पटवारी अशोक जायसवाल(60) से जांच प्रतिवेदन मंगाया। इसमें पटवारी ने तहसीलदार को गुमराह करते हुए गलत जांच रिपोर्ट दे दी। इसके आधार पर तहसीलदार ने रिकार्ड दुरुस्ती का आदेश जारी कर दिया। मामले की जांच में पटवारी की संलिप्तता पाए जाने पर सरकंडा पुलिस ने गुरुवार को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपित पटवारी को न्यायालय में पेश किया गया है।

### तहसील कार्यालय में हैं अटैच, कई मामले की चल रही जांच

*मोपका, चिल्हाटी और लगरा में जमीन की बंदरबांट का मामला सामने आने के बाद तत्कालीन पटवारी अशोक जायसवाल को तहसील कार्यालय में अटैच कर दिया गया। वहीं, पटवारी के खिलाफ अपने रिश्तेदारों के नाम पर जमीन करने का भी आरोप है। इसकी जांच राजस्व विभाग की ओर से की जा रही है।*

### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का उद्घाटन किया प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने

# उत्कृष्ट खेल के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर राज्य को गौरान्वित करेंगे खिलाड़ीः जयसिंह अग्रवाल

**बिलासपुर ।** बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित 18वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2022 का उद्घाटन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास एवं वाणिज्य कर एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा किया गया। 21 अगस्त तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राज्य के 24 जिलों के एक हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन राज्य एथलेटिक्स एवं जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि यह न्यायधानी



के लिए गौरव का क्षण है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विकास कार्यों के साथ-साथ खेलों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपील करते हुए कहा कि उत्कृष्ट खेल के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर राज्य को गौरांवित करें। उन्होंने कहा कि बिलासपुर के निवासियों को उत्कृष्ट खेल देखने का अवसर मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए सतत कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा और वे देश-विदेश में नाम रोशन कर प्रदेश का मान बढाएंगे। कार्यक्रम में संसदीय सचिव रश्मि आशीष सिंह, आई जी रतन लाल डांगी, सीवी रमन यूनिवर्सिटी के कुल सचिव गौरव शुक्ला, छ.ग. राज्य एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जी.एस. बामरा, बिलासपुर जिले के एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष विजय केशरवानी, सचिव अमरनाथ सिंह, राजेन्द्र धीवर सहित विभिन्न खेल संघों के खेल पदाधिकारी, कोच, मैनेजर एवं खिलाड़ी उपस्थित थे।

# जांजगीर-चांपा से पैदल अयोध्या जा रहे रामभक्त का, सनातनियों ने बिलासपुर में किया स्वागत



**बिलासपुर ।** जांजगीर चांपा से अयोध्या की दूरी 12 सौ किलो मीटर है। अयोध्या जाने के लिए कई संसाधन है लेकिन जांजगीर निवासी सूर्य प्रकाश शर्मा ने अपनी मनोकामना पूरी होने पर राम जी के मंदिर में माथा टेकने पैदल ही निकल पड़ा है। सूर्यप्रकाश शर्मा के बिलासपुर पहुचने पर नूतन चौक में सनातनियों ने उनको माला पहनाकर स्वागत किया। सूर्य प्रकाश शर्मा ने बताया की एक दिन में 25 किलो मीटर की यात्रा करेंगे और जहा भी रात्रि विश्राम के लिए शरण मिलेगा वहां रुक कर भोजन प्रसाद ग्रहण करेंगे और दूसरे दिन फिर से यात्रा की शुरुआत करेगा।

# आदतन बदमाश चीना उर्फ दीपक पाण्डेय गिरफ्तार, पुलिस ने पैदल परेड कर भेजा जेल

कोरबा । आदतन अपराधी चीना पांडेय उर्फ दीपक को पुलिस ने एक बार फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दो माह पहले वह गरियाबंद जेल से हत्या के प्रयास के मामले में जमानत पर छूटा था।



पुलिस ने उसके पास से एक बटन वाला चाकू जब्त किया है। इसके अलावा एससी-एसटी एक्ट के एक प्रकरण में भी वह फरार था।

पुरानी बस्ती निवासी चीना पांडेय के खिलाफ कोरबा जिले के थाना व पुलिस चौकियों के अलावा राज्य के अन्य जिलों में भी कई गंभीर अपराधिक मामले पंजीबद्ध है। करीब दो साल पहले गरियाबंद जिले में एक शादी समारोह के दौरान उसने गोली चला दी थी। हत्या के प्रयास के इस मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इस मामले में करीब दो माह पहले ही उसे जमानत मिली थी। बताया जा रहा है कि वह वापस कोरबा अपने पुरानी बस्ती स्थित घर पहुंच गया था।

पुलिस की माने तो वह पुन: अपराधिक घटनाओं में संलिप्त हो रहा था। वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देता, इसके पहले कोतवाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अजाक थाना कोरबा में दर्ज एक प्रकरण में भी उसकी तलाश पुलिस को थी। पुलिस ने अवैध रूप से हथियार रखने का मामला 25 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीबद्ध किया है। न्यायालय में प्रस्तुत करने के दौरान पुलिस ने उसे हथकड़ी लगा कर शहर के बीच पैदल मार्च करते हुए ले गई। आम लोगों के बीच चीना का दहशत है, उसे कम करने पुलिस ने ऐसा किया। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने पदस्थापना के बाद ही दो टूक कह दिया था कि जिले में सिर्फ कानून का राज चलेगा। किसी भी कीमत में गुंडे बदमाशों को बक्शा नहीं जाएगा। उनका यह भी संदेश है कि जो अपराधी समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर शांतिपूर्वक जीवन यापन करना चाहते हैं, उन्हें पुलिस माफ करने की योजना भी बनाएगी। उन्होंने कहा है कि जिन अपराधियों के आदत में सुधार नहीं आ रहा, उनके विरूद्ध जिला बदर एवं राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई का इस्तगाशा पेश किया जाएगा।

जिले में मनाया विश्व मच्छर दिवस

# स्वास्थ्य विभाग ने रैली निकालकर किया लोगों को जागरूक

जोहार छत्तीसगढ़-जगदलपुर।



मच्छर वह कीट है जो मनुष्य के शरीर में रोग फैलाने की क्षमता रखता है मच्छर पूरे विश्व में फैले हुए है और इनके द्वारा फैलाई जाने वाले बीमारी से हर साल विश्व में लाखों लोगों प्रभावित होते है। बस्तर जिले में भी प्रतिवर्ष हजारों लोग इससे प्रभावित होते है। इन मच्छरों से बचने के लिए हर साल 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को जगदलपुर शहर में जन समुदाय को जागरूक करने सिरहसार चौक से रैली निकाली गई। विश्व मच्छर दिवस पर कलेक्टर चन्दन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने बतायारू मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिये प्रशासन पुरी तरह से प्रतिबद्ध है। जिले में लगातार विशेष अभियान चलाकर मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा रहा है। मच्छरों से होने वाले रोगों से बचाव के लिए पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का अधिक उपयोग करें। सोने के दौरान निश्चित रूप से मच्छरदानी लगाएं। इस बात का सोने के दौरान ख्याल रखें। इसके अलावा घर के आसपास जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें एवं किसी भी स्थिति में जलजमाव नहीं होने दें। इस सम्बंध में सीएमएचओ डॉ.आरके चतुर्वेदी ने बताया मच्छर के काटने से होने वाली बीमारियों के बारे में आमजन को जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा रैली निकालकर मच्छरों से होने वाले रोगों, लक्षण तथा इससे बचाव से संबंधित आवश्यक उपायों की जानकारी दी गई। मच्छर का काटना और उसके बाद होने वाली खुजली होना एक छोटी सी समस्या है लेकिन नजरअंदाज करने पर ये संक्रमण गंभीर लक्षणों को भी बढ़ावा दे सकता है। मच्छर के काटने से मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया, फइलेरिया व जापानीज इंसेकिलाइटिस जैसी खतरनाक बीमारी होती है। समय पर इलाज नहीं करवाने से मरीज की मौत भी हो जाती है। आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया मच्छर के काटने से होने वाला रोग में मलेरिया एक खतरनाक बीमारी हैए जो अक्सर गम्भीर स्थिति उत्पन्न कर देती है। मादा एनोफ्लिीज मच्छर प्रोटोजुअन प्लासमोडियम नामक कीटाणु के प्रमुख वाहक होते हैंए जो एक संक्रमित व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक कीटाणु फैला देते हैं। इसके अलावा हमें डेंगू से बहुत अधिक सावधान रहने की जरूरत है। डेंगू पैदा करने वाला मच्छर अलग होता है और इसके लक्षण घंटों में देखे जा सकते हैं। डेंगू का लार्वा सामान्यत: जमे हुए साफ पानी में पनपता है और इसे पनपने के लिए जुलाई से लेकर अक्टूबर का समय काफी अनुकूल होता है। यही वजह है कि इस समयावधि में सतर्क रहना जरूरी होता है। डेंगू से बचाव के लिए सभी शासकीय अस्पतालों में निशुल्क उपचार की व्यवस्था है।

पिछले कुछ सालों में डेंगू के मामलों में थोड़ी गिरावट देखी गई हैए लेकिन अब भी ये पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है। चिकित्सक के सलाह के बिना कोई भी दर्द निवारक दवा का सेवन न करें, छत के आस पास प्रयोग में नही आने वाले बर्तनएटायर आदि न रखें। बगैर जाली लगे खिड़की तथा दरवाजे, सुबह एवं शाम खुला न रखे क्योंकि इस समय मच्छर का प्रकोप अधिक होता है। यदि किसी व्यक्ति को संक्रमित मच्छर के काटने का संदेह हो तो अपना परीक्षण करवाएं और आवश्यक चिकित्सा सहायता लें।

# सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र में युवा नेता हरिनाथ खुंटे का मजबूत दावेदारी

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




चुनाव के लिहाज से देखा जाए तो प्रदेश में विधानसभा के लिए अभी काफी समय बचा हुआ है किंतु राजनीतिक पार्टियां अपनी जड़े मजबूत करने में लग गयी है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा नया प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष घोषित किए जाने के बाद भाजपा की चुनावी सरगर्मी और तेजी से बढ़ने लगी है। इन्ही सभी उठापटक का असर विधानसभा क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। सारंगढ़ विधान सभा अनुसूचित जाति सुरक्षित सीट से भारतीय जनता पार्टी के युवा हस्ताक्षर हरिनाथ खुंटे ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। बता दे की हरिनाथ खुंटे सारंगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्व.भैयाराम खुंटे के सुपुत्र है साथ ही क्षेत्र में सक्रिय और आक्रामक छवि के नेता है तथा पेशे से अधिवक्ता खुंटे भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य है पूर्व में जनपद पंचायत सदस्य भी रहे है। यह भी बात दे की सारंगढ़ विधानसभा में खुंटे का दीवाल लेखन भी शुरू हो गया है। तथा मतदान केंद्रो में सतत कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर रहे है।

विदित हो की नगर पालिका चुनाव में बुरी तरह हार के बाद सारंगढ़ क्षेत्र में भाजपा काफ़ी कमजोर नज़र आ रही थी। कोई भी नेता सामने आकर अपनी दावेदारी प्रस्तुत नही कर पा रहा था ऐसी स्थिति में युवा नेता हरिनाथ खुंटे जिस दमदारी के साथ तैयारी में लगे है उसको देखकर कार्यकर्ताओं में बेतहाशा उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर युवाओं में हरिनाथ खुंटे को प्रत्याशी के रूप देखने के लिए युवाओं में अलग प्रकार का ही जोश देखा जा रहा है। गौरतलब हो कि सारंगढ़ नया जिला बनने के बाद मिशन 2023 फतह करना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा। जिला बनने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भी जोश उफान पर है ऐसी हालात में कांग्रेस को टक्कर देने के लिए भाजपा कड़ी मेहनत करना पड़ेगा। किंतु जिस प्रकार युवा नेता हरिनाथ खुंटे ताल ठोक कर मजबूती के साथ विधानसभा की तैयारी में खड़े हुए उसको देखकर निश्चित ही भाजपा कार्यकर्ता ऊर्जा से लबरेज है उसको देखकर यह कहा जा सकता है भाजपा हरिनाथ खुंटे को प्रत्याशी घोषित करती है तो कांग्रेस पार्टी के लिए सारंगढ़ में मुसीबत आ सकती है।

# छतौना के 65 ग्रामीण राशन के लिए दर-दर भटकने को मजबूर, आंख मूंद कर बैठे अधिकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना ग्राम छतौना मे हितग्राहियों के आंखों में आंसू ग्रामीणों को नहीं मिला 2 महीनों से राशन। पूर्व में डीलर की हुई शिकायत की जांच अब तक चल रही है नहीं हो सका है।



एफ आईआर रतनपुर बिलासपुर जिले के कोटा ब्लॉक के छतौना गांव में विगत दो माह से नही हुआ है सरकारी राशन का वितरण। इससे पहले भी ग्रामीणों ने सोसायटी संचालक पर गड़बड़ी का आरोप लगाया था। उक्त जांच के चलते पिछले दो माह जून,जुलाई का चावल हितग्राहियों को नहीं मिल सका है। प्रशासन द्वारा आनन फ ानन में सहकारी सेवा समिति को राशन वितरण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें वितरक को पूर्व डीलर द्वारा नापतौल मशीन देने में आना कानी की गई। राशन दुकान की जगह पर राशन से लदी गाड़ी न पहुंचने की स्थिति में निजी भवन में राशन डंप कर किया जा रहा वितरण। बड़ी मुश्किलों के बाद जब वितरण शुरू हुआ, तब ग्रामीणों ने विगत 2 माह का चावल देने की मांग की। समिति द्वारा केवल अगस्त माह के राशन वितरण को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बिलासपुर मरवाही मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। जहां भारी वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई। प्रबुद्ध लोगों के समझाइश पर व कानूनी कार्यवाही का भय दिखाने पर लोगों ने सड़क तो खाली कर दिया फि र भी अपनी राशन की मांग को लेकर डटे रहे।

## पीडीएस की पोल खोलकर रख दी छतौना की घटना ने

छतौना एक ऐसा गांव जहां से कोटा व बिलासपुर जिले की राजनीति में जनपद अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य जैसे जनप्रतिनिधियों का निर्वाचन हुआ है वहां के ग्रामीणों की यह दशा शर्मनाक है। या तो ये जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत से बचे हुए हैं या फिर अधिकारियों की सह पर। खामियाजा केवल मासूम हितग्राही भोग रहे। वहीं इस समस्या ने सरकार की सबसे जरूरी राशन वितरण प्रणाली की पोल खोलकर रख दी है।

* एसडीएम कोटा से बात करने पर उन्होंने जांच चलने की बात कही है।

* वहीं फूंड स्पेक्टर का भी यही कहना है जांच चल रही है जिसके चलते एफआईआर नहीं हो सका है।

लेकिन ये कैसी जांच है जहां गरीब मजदूर अपने राशन के लिए परेशान हो रहे हैं। यहां अगर किसी गरीब लाभार्थी की भूख से मौत हो जाती है तो आखिर जिम्मेदारी किसकी होगी।

## एक नजर

### लगातार छात्रों एवं शिक्षकों का अपमान नहीं सहेंगे -एनएसयूआई

**राजनांदगांव** । एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमर झा ने कहा कि राजनंदगांव दिग्विजय महाविद्यालय में नियमानुसार काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही थी जिसमें सभी ग्रामीण एवं शहर के छात्र-छात्राएं आए थे जिससे उनको किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो उन छात्रों के लिए एनएसयूआई के द्वारा हेल्प डेस्क लगाया गया था फिर अचानक गुंडा परिषद के कार्यकर्ता आकर महाविद्यालय परिसर में जबरदस्ती घुसकर तोडफ़ोड़ की जिस कारण से आज महाविद्यालय में हो रही काउंसलिंग को पुन: रद्द करना पड़ा।।

एनएसयूआई प्रदेश संयुक्त महासचिव राजा यादव ने बताया कि एनएसयूआई हमेशा साथ छात्र हित में कार्य करती है और गुरु का सम्मान करती है आज एबीवीपी परिषद के द्वारा जो गुरुओं के साथ किए गए अभद्र व्यवहार का विरोध करती है और महाविद्यालय प्रशासन से किए गए अभद्र व्यवहार पर गुंडा परिषद के कार्यकर्ताओं पर उचित कार्रवाई की मांग करती है।

### नक्सलियों ने कर्मचारी फेडरेशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल का समर्थन किया

**बीजापुर** । नक्सलियों के दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने प्रेस नोट के माध्यम से आगामी 22 अगस्त से प्रदेश भर में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की अनिश्चितकालीन हड़ताल का समर्थन किया है। जारी प्रेस नोट में नक्सलियों ने लिखा है कि छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी कर्मचारी और अधिकारी फेडरेशन द्वारा आगामी 22 अगस्त से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन हड़ताल का दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी समर्थन करती है। इसके अलावा नक्सलियों ने इनकी मांगो को मानने तक हड़ताल खत्म नहीं करने की बात कही है।

# खेल मंत्री उमेश पटेल ने कांग्रेस के खेल प्रतिभा सम्मान पाम्पलेट का किया विमोचन



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।

प्रदेश कांग्रेस स्पोर्ट्स सेल के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने खेल दिवस के अवसर पर निरंतर वर्षों से चले आ रहे शहीदों के नाम पर खेल प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजन का हर जिले में जिला प्रभारी नियुक्त किया है। रायगढ़ जिले से वरिष्ठ खिलाड़ी राजेश शुक्ला (गुल्ली) एल्डरमैन नगर निगम रायगढ़ को एवं सारंगढ़ से वरिष्ठ खिलाड़ी गोल्डी नायक जिला कांग्रेस महामंत्री को उक्त कार्यक्रम के प्रभार की महती जवाबदारी सौंपी है। जिसके अंतर्गत प्रदेश के खेल मंत्री माननीय उमेश नन्द कुमार पटेल उच्च शिक्षा मंत्री के सारंगढ़ आगमन पर कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने खेल प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का पाम्पलेट और फार्म का उनके हाथों विमोचन कराया। मंत्री उमेश पटेल जी ने कहां की गौरव का विषय है की खेल से जुड़े खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल पत्रकारों को आप सम्मानित कर रहे हैं मैं आप सभी को शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। उक्त अवसर पर सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े ने कहा रायगढ़ जिले के सैकड़ों खिलाड़ियों के सम्मान का यह बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें खिलाड़ी पुरस्कृत और सम्मानित होते हैं और उन्हें माननीय मुख्यमंत्री महोदय छत्तीसगढ़ शासन के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र दिए जाते हैं, जो सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए बहुत ही गौरव का विषय है। जिला अध्यक्ष अरुण मालाकार ने कहा की प्रदेश कांग्रेस खेलकूद प्रकोष्ठ के द्वारा छोटे बच्चों से लेकर युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का यह बड़ा मंच है, आयोजनकर्ताओ को बधाई है। कांग्रेस संगठन से जुड़े प्रकोष्ठ के द्वारा यह रचनात्मक कार्य आज की युवा पीढ़ी और खिलाड़ियों के लिए निश्चित रूप से उत्साह का संचार करेगा और उनके कॉन्फिडेंस लेवल को बढ़ाएगा। आयोजक और कार्यक्रम के प्रभारी गोल्डी नायक ने कहा कि बहुत से खिलाड़ी शासन स्तर पर कुछ कारणवश सम्मानित होने से रुक जाते हैं, ऐसे खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना माननीय मुख्यमंत्री जी के हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र प्रदान करना उनके मनोबल को बढ़ाना है, तीन - चार वर्षों से यह कार्यक्रम निरंतर आयोजित होता आ रहा है, इसमें सभी का सहयोग आवश्यक है, जो खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का उत्साहवर्धन कर सकें। उक्त अवसर पर वरिष्ठ फुटबॉल व क्रिकेट खिलाड़ी अश्वनी चंद्रा, विजेंद्र गुड्डू, कमलकांत यादव, दुर्गेश स्वर्णकार, शुभम बाजपेई, राम सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, योगेश सोनवानी, शाहजहां खान, हारुन खान, अरुण निषाद शामिल रहे।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान ने योजना की द्वितीय किस्त का किया अंतरण

खरीफ 2021 की आदान सहायता हेतु रायगढ़ के किसानों को हुआ 98 करोड़ रुपए का भुगतान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज राजीव गांधी किसान न्याय योजना की खरीफ वर्ष 2021 के लिए आदान सहायता की द्वितीय किस्त की राशि जारी की। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम से किसानों के खाते में राशि अंतरित किया। रायगढ़ जिले के 1 लाख 22 हजार 415 किसानों को दूसरी किस्त के रूप में 98 करोड़ 23 लाख 51 हजार रुपए का भुगतान जारी हुआ।





वहीं इस योजना से पूरे प्रदेश के किसानों को अब तक 14 हजार 665 करोड़ रुपए की आदान सहायता दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस' के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को सद्भावना दिवस की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के माध्यम से दोनों ही न्याय योजनाओं के हितग्राहियों को 1750 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की खरीफ वर्ष 2021 की दूसरी किश्त के तहत प्रदेश के 26 लाख 21 हजार किसानों को इनपुट सब्सिडी के रूप 1745 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई। इससे पूर्व 21 मई 2022 को राज्य के किसानों को इस योजना की प्रथम किश्त का भुगतान किया गया था। आज द्वितीय किश्त के भुगतान की गई राशि को मिलाकर किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के शुरू होने के बाद से अब तक 14 हजार 665 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इस योजना में खरीफ 2019 में 18.43 लाख किसानों को 4 किस्तों में इनपुट सब्सिडी के रूप में 5627 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। खरीफ वर्ष 2020 के 20.59 लाख किसानों को 5553 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। किसानों को फसल लागत मूल्य कम करने, उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के लिए इनपुट सब्सिडी की यह राशि दी जा रही है। इस वर्चुअल कार्यक्रम में जिले से किसान और विभागीय अधिकारी भी जुड़े।

**योजना से अब तक प्रदेश में किसानों को 14 हजार 665 करोड़ की आदान सहायता राशि जारी**

**गोधन न्याय योजना में 5.2 करोड़ रुपये जारी, जिले के हितग्राहियों को मिले 11 लाख**

## गोधन न्याय योजना में 5.24 करोड़ का भुगतान, जिले के हितग्राहियों को मिले 11 लाख

इस दौरान गोधन न्याय योजना के पिछले पखवाड़े का भी उन्होंने भुगतान किया। योजना के तहत पशुपालकों, गौठान समितियों और महिला स्व-सहायता समूहों को 5.24 करोड़ का भुगतान किया गया। इस राशि मे से गोबर विक्रेताओं को 2.64 करोड़ रूपए तथा गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को 2.60 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। जिले के हितग्राहियों को 11 लाख 31 हजार 118 रुपए का भुगतान किया गया। इस योजना से अब तक प्रदेश में हितग्राहियों को 335 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। इनमें गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को अब तक 154.02 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। गोधन न्याय योजना से 2 लाख 52 हजार से अधिक पशुपालक ग्रामीण गोबर बेच कर सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें 1 लाख 43 हजार से अधिक भूमिहीन शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना देश-दुनिया की इकलौती योजना है, जिसके तहत गौठानों में 2 रूपए किलो की दर से गोबर तथा 4 रूपए लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। सबसे ज्यादा वर्मी कंपोस्ट उपयोग करने वाले किसानों का राज्योत्सव में सम्मान किया जाएगा।

कृष्ण कुंज योजना

# नरई टिकरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

छत्तीसगढ़ सरकार की अति महती कृष्ण कुंज योजना के तहत धरमजयगढ़ के नरई टिकरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धरमजयगढ विधायक लालजीत सिंह राठिया वृक्षारोपण कर कृष्ण कुंज योजना का शुभारंभ किया एवं उसके उद्देश्यों की जानकारी दी।





वहीं मंचासीन विभिन्न जनप्रतिनिधि व आलाधिकारीयों द्वारा कृष्ण कुंज पौधरोपड़ के संबंध में लोगों को महत्पूर्ण जानकारी दिए। कार्यक्रम में शामिल बच्चों की जलेबी दौड़ और मटकी फ ोड़ प्रतियोगिता कृष्ण कुंज आयोजन में आनंद भर दिया प्रतियोगिता के अनुरूप बच्चों को पुरुष्कार वितरण किया गया। वहीं बता दें, लैलूंगा पूर्व विधायक हृदयराम राठिया मटकी फ ोड़ प्रतियोगिता में बच्चों के साथ अपने आप को शामिल होने से नही रोक पाए।

प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की अहम पहल पर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय निकायों में कृष्ण कुंज विकसित किए जा रहे हैं। धरमजयगढ़ वनमंडल के सहयोग से नरई टिकरा के एक एकड़ जमीन में कृष्ण जन्माष्टमी के उत्सव पर कृष्णकुंज में पौधारोपण का कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। बता दें, खासकर पीपल,बरगद,कदम जैसे विभिन्न जीवन दायनी पौधों का रोपड़ किया गया। आपको बता दें,हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृष्ण कुंज वृक्षारोपण कार्यक्रम की योजना बनाई गई है।

शहरी क्षेत्रों में निवासरत लोगों में हरियाली के प्रति आकर्षण बढ़ाने के उद्देश्य से कृष्णकुंज पौधरोपण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष वार्ड पार्षद समेत समस्त जनप्रतिनिधि शामिल रहे वहीं वन विभाग के आलाधिकारी, एसडीएम, तहसीलदार,थाना प्रभारी समेत तमाम स्थानीय प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

राजीव गांधी किसान न्याय योजना

### दूसरे किश्त के तहत 1 अरब 26 करोड़ 57 लाख रुपए की राशि का किया अंतरण

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम मे वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत् जांजगीर चांपा जिले के 01 लाख 95 हजार 431 किसानों के बैंक खाते में दूसरे किश्त के तहत 1 अरब 26 करोड़ 57 लाख रुपए का सीधे अंतरण किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा किसानों को यह राशि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2021 के लिए आदान सहायता की द्वितीय किश्त के रूप में प्रदाय की गई है। राशि अंतरण कार्यक्रम के पूर्व उपस्थित जनों द्वारा आज सदभावना दिवस के अवसर पर सद्भावना दिवस की शपथ भी ली गई। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में अधिकारी, कर्मचारी व जिले के किसान उक्त कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जुड़े। एनआईसी कक्ष में कृषि विभाग के उप संचालक सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में जिले के किसान उपस्थित थे।

### विश्व मच्छर दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

**जगदलपुर** । बस्तर जिले के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्रों से विश्व मच्छर दिवस पर प्रतिवर्ष की भांति 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द के कर्मचारियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। स्वास्थ कर्मचारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि मलेरिया मच्छर मादा एनाफिलिस मच्छर के काटने से एव क्यूलेक्स मच्छर के काटने से हाथी पांव फाइलेरिया तथा एडिज मच्छर काटने से डेंगू बुखार होता है। इस दौरान रोहित पांडे, दिनेश पराते, रागिनी मसीह, पंकज बघेल, मीना कश्यप, निलकुमारी श्रीवास्तव, पुरुषोतम भोयर, टिकेश्वरी भद्रे सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 22 से

**जगदलपुर**। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता के मार्गदशन मे छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तत्वाधान मे पूरे प्रदेश के 05 हजार से अधिक स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी स्वास्थय पर्यवेक्षक बीईटीओ सहित अन्य केडर के शत प्रतिशत कर्मचारी हड़ताल पर रहेगे। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार अपने जन घोषणा पत्र में छग के कमचारियो से झूठे घोषणा पत्र बनाकर प्रदेश के पांच लाख कर्मचारियों को ठगने का कार्य किया है।

## चोरी का आरोप लगाकर दो युवकों की बेदम पिटाई,पांच आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर** । देर रात बाइक खराब होने के चलते एक गांव रूके दो युवकों पर चोरी का आरोप लगाकर 5 लोगों ने उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। ग्रामीण युवकों ने दोनों को अधमरा होने तक जमकर पीटा, फिर उन्हें छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने पांचों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों पर मारपीट और हत्या के प्रयास की धाराओं 307 के तहत कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर के सकरी थाना अंतर्गत घुरु में रहने वाला राजकुमार सूर्यवंशी अपने दोस्त सतसागर धृतलहरे के साथ 17 अगस्त को सीपत क्षेत्र के बसहा गांव अपने चचेरे भाई अजीत सूर्यवंशी से मोबाइल लेने जा रहा था। इस दौरान देर रात करीब डेढ़ बजे उसके बाइक ग्राम पंचायत डंगनिया के पास अचानक बंद हो गई। जिसके चलते दोनों युवक अपनी गाड़ी रोक कर उसे ठीक करने में लग गये। इस दौरान गांव के ही सुमित वस्त्रकार, सोनू, पिंटू, विजेंद्र और धीरज ने चोरी का आरोप लगाकर अचानक पीटना शुरू कर दिया।

इस दौरान राजकुमार और सतसागर गंभीर रूप से घायल हो गए। पांचों ने दोनों को अधमरा करने तक मारा और मौके पर छोड़ कर चले गए। जिसके बाद किसी तरह दोनों युवक सीपत थाने पहुंचे, और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सबसे पहले दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया और शिकायत दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। मामले में पुलिस से शिकायत की जानकारी मिलते ही पिटाई करने वाले पांचों लोग मौके से फरार हो गए. इस दौरान लगातार पुलिस उनकी तलाश कर रही थी।

## भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने ली सद्भावना की शपथ

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला कलेक्ट्रेट के प्रांगण में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसकी सद्भावना प्रतिज्ञा ली गयी। कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा ने जिला कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में अधिकारी-कर्मचारियों को जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव के बिना सभी को भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की भी शपथ







दिलायी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मंडावी, संयुक्त कलेक्ट आर पी आंचला, एसडीएम कमलेश नंदिनी साहू, आर.के तंबोली ज्योति पटेल खाद्य अधिकारी मनोज त्रिपाठी सहित जिला कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जांजगीर में प्रतिज्ञा दिलाकर मनाया सद्भावना दिवस

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जांजगीर में सद्भावना दिवस प्राचार्या सोनाली सिंह तथा विद्यालय के प्रबंधक आलोक अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित हुआ। विद्यालय प्रबंधक आलोक अग्रवाल ने बताया कि भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की जयंती को हर वर्ष उनकी याद में सदभावना दिवस के रूप में मनया जाता है। क्योंकि उन्होने भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना



देखा था। उनके द्वारा देश के लिए किये गये कई समाजिक और आर्थिक कार्यो के द्वारा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा था उनकी जयंती पर देश के विकास के लिए दिए गए भाषण उत्साहयुक्त एवं प्रेरणादायिक शब्द हुआ करते थे जो आज भी देश में युवाओं को भारत का नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करते है। अत: हम आज उनकी जयंती को सदभावना दिवस के रूप में एक प्रतिज्ञा कर मनाते है। सद्भावना दिवस के अवसर पर विद्यालय में उपस्थित समस्त विद्यार्थियों, शिक्षकों,अभिभावकों व समस्त स्टॉफ को आपस में जाति संप्रदाय क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना लोगों के प्रति भवनात्मक एकता और सदभावना हिंसा का सहारा लिये बिना आपस के सभी मतभेद बातचीत व आपसी सलाह और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की प्रतिज्ञा दिलायी गयी।

## प्रेमनगर में घुसा हाथी,पहुंचाया नुकसान भय के बीच ग्रामीण व वनकर्मियों ने जंगल की ओर भगाया

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों की मौजूदगी लगातार बनी हुई है। वहीं हाथियों से नुकसानी की खबर भी करीब-करीब रोजाना वन विभाग के रिकार्ड में दर्ज किए जा रहे हैं लेकिन इस विकट समस्या का स्थाई समाधान शायद किसी के पास नही है। इसी क्रम में बता दें, बिती रात धर्मजयगढ़ वनपरिक्षेत्र के प्रेम नगर कालोनी में एक दंतैल हाथी घुस आया घण्टो भर रिहायसी कालोनी में चहलकदमी



करते हुए केलाएव नारियल पेड़ को नुकसान पहुंचाया है कहना है रात में कालोनी निवासी अमरजीत के घर के दरवाजे को हाथी तोड़ने का प्रयास किया फि र वहीं लगे नारियल के पेड़ को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दौरान ग्राम में भय का माहौल बना रहा रात में जो घर के अंदर थे वे खौफ के साए में थे उसी समय संबंधित बिटगार्ड को इसकी सूचना दी गई बाद में विभाग द्वारा उद्दंड हाथी को जैसे तैसे जंगल की ओर भगाया गया तब कहीं जाकर लोग राहत की सांस लिए हैं लोगों का कहना है हाथी मोहल्ले के अंदर चला आ रहा है ऐसे में जानमाल का खतरा बना हुआ है इस बात की पुष्टि मौके पे मौजूद विभाग के कर्मचारी भी कर रहे हैं इन मायनो में हाथी जैसी विकट समस्या के समाधान में विभाग वाट्सअप ग्रुप में सचेत रहने जागरूकता संदेश के अलावा और कुछ कर पाने में फि लहाल असमर्थ हैं जानकारी के अनुसार धर्मजयगढ़ वनमंडल में घरघोड़ा परिक्षेत्र की ओर से 26 हाथियों की और आमद हुई है इस तरह धर्मजयगढ़ वनमंडल के अलग. अलग जगहों पर करीब 63 हाथी विचरण कर रहें हैं जो किसी भयावह स्थिति से कम नही है धरमजयगढ क्षेत्र के लिए हाथी अब एक विकट स्थाई समस्या बनकर रह गई है जिसके बीच मानव डरे सहमे जीवन गुजारने की जद्दोजहद में लगा हुआ है।

## 50 पाव देशी प्लेन शराब बिक्री करते आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

थाना रतनपुर पुलिस द्वारा 19 अगस्त 2022 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि कहरापारा रतनपुर में एक व्यक्ति अपने पान ठेला में देशी प्लेन शराब अवैध रूप से रखकर बिक्री कर रहा है।



कि सूचना पर थाना रतनपुर पुलिस के द्वारा मौके पर तस्दीक कार्यवाही हेतू पहुंचकर कहरापारा रतनपुर में मुखबीर के बताये स्थान पर एक व्यक्ति अपने दुकान में शराब बिक्री कर रहा था। जिसके ठेला में दबिश देकर 50 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 4000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। जिसे पुछताछ करने पर अपना नाम सुनील कहरा पिता अनंदराम कहरा उम्र 35 वर्ष निवासी कहरापारा रतनपुर का होना बताया। तथा शराब रखने संबंधी किसी भी प्रकार का कागजात नहीं होना बताया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करने पाये जाने से मौके पर से आरोपी को थाना लाकर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया गिरफ्तार आरोप सुनील कहरा पिता अनंदराम कहरा उम्र 35 वर्ष निवासी कहरापारा रतनपुर थाना रतनपुर जिला बिलासपुर छग।

## जिले के गौ पालकों के बैंक खातों में गोधन न्याय योजना अंतर्गत 10 लाख 57 हजार रूपए की राशि का किया अंतरण

धान के बदले अरहर, उड़द, कोदो, रागी एवं सुगंधित धान की फ़सल लेने वाले जिले के किसानों के खातों में तीन करोड़ 19 लाख रूपये की राशि अंतरित

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज खरीफ वर्ष 2021 अंतर्गत राजीव गांधी किसान न्याय योजना की दूसरी किश्त के रूप में जिले के 41 हजार 187 किसानों के बैंक खातों में 32 करोड़ 22 लाख 81 हजार रुपए की राशि का अंतरण किया। इसमें धान के बदले अन्य फसल अरहर, उड़द, कोदो, रागी एवं सुगंधित धान की फसल लेने वाले जिले के किसानों के खातों में तीन करोड़ 19 लाख 24 हजार रुपए की राशि भी शामिल है। इसके अलावा गोधन न्याय योजना अंतर्गत जिले के गौ पालकों के बैंक खातों में 10 लाख 57 हजार 529 रुपए की राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टोरेट कोरबा के एनआईसी कक्ष से उप





संचालक कृषि अनिल शुक्लाए सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी एस के जोशी, सहायक संचालक कृषि सहित विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं किसान-हितग्राही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। कृषि उपसंचालक ने बताया कि जिले के 41 हजार 187 किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत कुल 129 करोड़ 33 लाख 89 हजार रुपये उनके बैंक खातों में अंतरित किये जायेंगे। प्रथम किश्त की राशि 32 करोड़ 33 लाख 47 हजार रुपए 21 मई 2022 को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी के जन्मदिवस पर सभी को सदभावना दिवस की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा की राजीव गांधी ने आधुनिक भारत का सपना देखा था। जीवन को सरल बनाने के लिए उन्होंने सभी क्षेत्रों में विशेष कार्य किए। टेक्नोलॉजी का विकास, पंचायती राज व्यवस्था, 73वें एवं 74वें संवैधानिक संशोधन के लिए उनका योगदान विशेष है। उनके जयंती पर उन्हें स्मरण करते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। आम जनता की जेब में पैसा पहुंचाने के लिए शासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। किसानों की ऋण माफी करने के साथ ही राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत किसानों को अंतर राशि दी जा रही है। पूरे देश में कोरोना महामारी से जनजीवन प्रभावित रहा।

ऐसी कठिन परिस्थिति में सरकार ने किसान न्याय योजना के तहत किसानों को राहत पहुंचाने के लिए 4 किश्तों में राशि देने का फैसला लिया। प्रदेश के किसान समृद्ध एवं खुशहाल बन रहे हैं। ट्रेक्टर, मोटरसाईकिल खरीद रहे हैं और उनके चेहरों पर चमक एवं खुशी दिखाई दे रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in